दैनिक
डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!
Digital Daily News Paper
# लोकतंत्र की आवाज

आवश्यकता
सुपौल, सीतामढ़ी
मधुबनी, बेगूसराय, मुंगेर, जमुई,
के लिए संवाददाता सह विज्ञापन
प्रतिनिधि के रूप में काम करने
वाले इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
9525278483, 6200031466

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा रविवार 28 अप्रैल 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 464

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोदी सरकार जवाब दें, तेजस्वी के बाद लालू ने पीएम से पूछा सवाल, लगाए गंभीर आरोप



**लोक तंत्र की आवाज**

**पटनाद्ध** बिहार में लोकसभा चुनाव को लेकर सियासत तेज है। दूसरे चरण का मतदान समाप्त हो गया है। वहीं अब सभी राज्यों में तीसरे चरण के मतदान के लिए तैयारियां शुरू हो गई है। इसी पक्ष विपक्ष का एक दूसरे के ऊपर आरोप प्रत्यारोप लगाना भी जारी है। हालांकि 2019 के मुकाबले 2024 में वोटिंग प्रतिशत कम है। वहीं राजनीतिक गहमागहमी के बीच एक ओर जहां एनडीए अपने विकास के आधार पर वोट मांग रही है। वहीं विपक्ष नए नए तरीके अपनाकर सत्ता पक्ष पर हमला बोल रहा है।

**पीएम पर लगाए आरोपः** विपक्ष के नेता लगातार भाजपा पर संविधान में बदलाव लाने का आरोप लगा रहे हैं। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव इसको लेकर कई बार पीएम मोदी से सवाल पूछ चुकें हैं। वहीं अब इसके बाद राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। साथ ही राजद सुप्रीमो ने भी पीएम मोदी से सवाल किए हैं।

**राजद सुप्रीमो ने मांगा जवाबः** दरअसल, राजद सुप्रीमो ने सोशल मीडिया पर ट्विट कर पीएम मोदी और भाजपा से सावल किया है। लालू यादव ने पूछा है कि, ₹ भारतीय जनता पार्टी, मोदी सरकार और बीजेपी के नेताओं को बाबा साहब अंबेडकर द्वारा रचित देश के सबसे पवित्र ग्रंथ संविधान से नफ़रत क्यों है? मोदी सरकार दलितों, पिछड़ों, वंचितों और गरीबों का आरक्षण, नौकरी, लोकतंत्र और संविधान क्यों समाप्त करना चाहती है? जवाब दें?

**संविधान बदलना चाहती है भाजपाः** लालू यादव ने मोदी सरकार से इसका जवाब मांगा है। वहीं इसके पहले भी तेजस्वी यादव, राहुल गांधी सहित पूरा विपक्ष भाजपा पर संविधान बदलने का आरोप लगा चुका है। तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी से इसको लेकर कई सवाल भी पूछा है। विपक्ष का दावा है कि, पीएम नरेंद्र मोदी संविधान में संशोधन करने और आरक्षण को खत्म करने के लिए 400 सीटें मांग रहे हैं।

# बीजेपी अगर सत्ता में लौटी तो संविधान बदल देगी, लोगों के अधिकार छीन लेगी: प्रियंका

## मोदी जी को सुपर मेन नही मंहगाई मेन के रूप आप याद करे

**लोक तंत्र की आवाज**

### वलसाड की रैली में गरजी प्रियंका गांधी




**धरमपुर (गुजरात)।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने वलसाड की रैली में बीजेपी पर जमकर निशाना साधा और कहा कि अगर बीजेपी सत्ता में आई तो संविधान को बदल देगी और लोगों को उनके अधिकारों से वंचित कर देगी।

**कांग्रेस उम्मीदवार अनंत पटेल के समर्थन में रैलीः** प्रियंका ने आदिवासी बहुल वलसाड जिले के धरमपुर गांव में एसटी (अनुसूचित जनजाति)-सुरक्षित वलसाड लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अनंत पटेल के समर्थन में आयोजित एक रैली में कहा, ''भाजपा नेता और उम्मीदवार कह रहे हैं कि वे संविधान बदल देंगे लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इससे इनकार कर रहे हैं। यह उनकी रणनीति है।

**पीएम मोदी पर साधा निशानाः** कांग्रेस नेता ने कहा, ''शुरुआत में वे उससे हमेशा इनकार करेंगे जो वे करना चाहते हैं लेकिन सत्ता में आने के बाद वे इसे लागू करेंगे। वे आम लोगों को कमजोर करने और उन्हें हमारे संविधान में दिए गए अधिकारों से वंचित करने के लिए संविधान को बदलना चाहते हैं।'' उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह चुनाव के दौरान ''सुपरमैन'' की तरह मंच पर आते हैं लेकिन आपको उन्हें ''महंगाई मैन'' के रूप में याद रखना चाहिए।

प्रियंका ने कहा, ''भाजपा नेता प्रधानमंत्री को शक्तिशाली नेता के रूप में पेश करते हैं और (रूस-यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में) कहते हैं कि वह 'चुटकी बजाकर लड़ाई रुकवा देते हैं' तो फिर वह गरीबी को भी ऐसे ही क्यों नहीं दूर कर पा रहे।'' कांग्रेस महासचिव ने कहा कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो वह शहरी इलाकों में 100 दिन के काम की गारंटी के लिए मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) जैसी रोजगार गारंटी योजना लाएगी। गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीट पर सात मई को आम चुनाव के तीसरे चरण में मतदान होगा। भाजपा ने 2014 और 2019 के आम चुनावों में राज्य की सभी सीट पर जीत हासिल की थी।

# त्रिशंकु लोकसभा के आसार?

**लोक तंत्र की आवाज**



**विशेष संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हां, मुझे न चार सौ पार की सुनामी दिख रही है और न किसी एक पार्टी का चार जून को बहुमत होता लगता है। निश्चित ही मोदी के समय यह अनहोनी बात है। मगर ऐसी संभावना खुद नरेंद्र मोदी व अमित शाह अपने हाव-भाव, भाषणों से बतला रहे हैं। नरेंद्र मोदी घबराए हुए हैं। तभी प्रधानमंत्री पद की गरिमा को ताक में रख दिया है। वे मतदान के पहले चरण तक अति आत्मविश्वास में बहुत हांक रहे थे। लेकिन 19 अप्रैल को राजस्थान, यूपी, मध्य प्रदेश, बिहार, छतीसगढ़ आदि में कम मतदान का उन्हें अर्थ समझ आया। अहसास हुआ अब सभाओं में यूथ मोदी, मोदी का हल्ला नहीं करते दिखता है। 2014 व 2019 से अलग माहौल है सो, अगले दिन से मुसलमान टारगेट में। राजस्थान के आदिवासी बहुल बांसवाड़ा के भाषण में उन्होंने महिलाओं को डराया कि कांग्रेस तुम्हारा मंगलसूत्र छीन कर मुसलमानों को बांटेगी। मतलब सबका साथ-सबका विकास की हवाबाजी से अपने चेहरे को दुनिया में जो चमकाया था वह खत्म और फिर प्रगट हुआ गुजरात दंगों के समय हिंदू-मुस्लिम डिवाइडर का चेहरा!

सोचें, एक झटके में विकसित भारत, सुनहरा भारत, राम मंदिर के वे तमाम मुद्दे हाशिए में जिन पर चुनाव प्रचार की भाजपा रणनीति थी। विकसित भारत के जुमले की जगह मुसलमान, अधिक बच्चे पैदा करने वाले लोग, घुसपैठिए, देशद्रोही आदि-आदि। जैसा मैंने पिछले सप्ताह लिखा, मोदी-शाह को उनकी चतुराई ले डूब रही है। चार सौ सीटों की हवाबाजी करके इन्होंने भक्तों को घर बैठा दिया। मोदी ने अनाम, नए चेहरों को उम्मीदवार बना कर भाजपा कार्यकर्ताओं, सीटिंग सांसदों, विधायकरों, संगठन नेताओं का चिढ़ा दिया। तभी जो सीटिंग सांसद उम्मीदवार हैं वे या तो एंटी इनकम्बेंसी के मारे हैं या अपने बूते चुनाव की मेहनत इसलिए नहीं कर रहे हैं क्योंकि मोदी ने कहा हुआ है कि मोदी के नाम पर वोट पड़ेंगे। तब भला मुझे क्यों मेहनत करनी, क्यों पैसा खर्च करना, क्यों तब सबके आगे हाथ जोड़कर भीख मांगनी है, जब ऊपर से नरेंद्र मोदी मुझे जीता रहे हैं!

ऐसे दसियों कारण हैं, जिनसे उत्तर भारत की गोबर पट्टी में, हिंदी भाषी इलाकों में चुनाव का जोश नहीं है। भक्त वोट दे रहे हैं लेकिन वोट पड़वा नहीं रहे हैं। वही दूसरी तरफ मोदी विरोधी लोग, वोट और समुदाय बिना शोर के रूटिन में वोट डाल रहे हैं। और ये वोट लोकल उम्मीदवार, भाजपा सांसद, मंत्री, मोदी-शाह को हराने के लोकल समीकरणों के साथ है। उदाहरण के लिए राजस्थान। मैं गुजरात, मध्य प्रदेश, छतीसगढ़, यूपी की तरह राजस्थान को नरेंद्र मोदी के जादू का अभेदी किला मानता हूं। कोई कारण नहीं जो भाजपा सभी 25 सीट नहीं जीते। लेकिन उम्मीदवार तय होते ही न जाने कैसे मुकाबले का हल्ला। मरी हुई कांग्रेस, बेजान प्रदेश कांग्रेस नेता और न खर्च के लिए पैसा और न उम्मीदवारों के पास भाजपा संगठन की काट वाली कोई मशीनरी।

हां, भाजपा के बहुमत की 273 सीटों के लिए जरूरी है कि वह 2014 व 2019 के चुनाव में अपने 11 भगवा राज्यों की 228 सीटें ज्योंकि त्यों जीते। मैं इसमें महाराष्ट्र को इसलिए शामिल नहीं कर रहा हूं क्योंकि वहां भगवा की मशाल लिए उद्धव ठाकरे भी हैं। जबकि हर कोई महसूस करते हुए है कि कर्नाटक, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान सभी जगह कुछ-न-कुछ तो गुलगपाड़ा होना ही है। तभी त्रिशंकु लोकसभा की संभावना पर सोचना शुरू कर देना चाहिए।

# लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण: बड़े राज्यों में वोटिंग कम, छोटे राज्यों में वोटों की बारिश

**लोक तंत्र की आवाज**




**विशेष संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 88 सीटों पर शनिवार, 26 अप्रैल को मतदान हुआ जिसमें 63.50 प्रतिशत वोटिंग हुई। बड़े राज्यों में वोटिंग प्रतिशत कम रहा जबकि छोटे राज्यों के मतदाताओं ने जमकर मतदान किया। चुनाव आयोग ने कहा कि दूसरे चरण का मतदान ज्यादातर शांतिपूर्ण रहा। रात 8 बजे तक संभावित मतदान का आंकड़ा 63.50 प्रतिशत था, जो सभी मतदान केंद्रों से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद बताया गया है। इसके अतिरिक्त, मतदान का समय समाप्त होने तक मतदान केंद्रों पर पहुंचने वाले मतदाताओं को वोट डालने की अनुमति दी गई।

**कुछ राज्यों में मतदान का हुआ बहिष्कारः** उत्तर प्रदेश के मथुरा, राजस्थान के बांसवाड़ा और महाराष्ट्र के परभणी के कुछ गांवों में, मतदाताओं ने शुरू में मतदान का बहिष्कार किया, लेकिन बाद में अधिकारियों ने उन्हें भाग लेने के लिए मना लिया। दूसरे चरण का मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ और शाम 6 बजे समाप्त हुआ, इस दौरान कई राज्यों में भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर हुआ था और पहले चरण में वोटिंग प्रतिशत कम रहा था। उत्तर प्रदेश में 2019 में इन्हीं सीटों पर हुए 62 प्रतिशत मतदान से 7 प्रतिशत कम मतदान हुआ।

केरल की सभी 20 सीटों, कर्नाटक की 28 में से 14 सीटों, राजस्थान की 13 सीटों, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की 8-8 सीटों, मध्य प्रदेश की 6 सीटों, असम और बिहार की 5-5 सीटों, 3-3 सीटों पर मतदान हुआ। छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल में, और मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर में 1-1 सीट पर कल मतदान हुआ।

**बड़े राज्यों में कम, छोटे राज्यों में जमकर हुआ मतदानः** शुक्रवार को दूसरे चरण में मतदान लगभग 63 प्रतिशत रहा, जो पिछले सप्ताह हुए पहले चरण में दर्ज किए गए 65 प्रतिशत और 2019 में दूसरे चरण के दौरान दर्ज किए गए 68 प्रतिशत से कम है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, त्रिपुरा में सबसे ज्यादा 79.46 फीसदी मतदान हुआ, उसके बाद मणिपुर में 77.32 फीसदी मतदान हुआ। उत्तर प्रदेश में 54.85 प्रतिशत और बिहार में 55.08 प्रतिशत मतदान हुआ। त्रिपुरा पूर्व (एसटी) निर्वाचन क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और दो मतदान केंद्रों पर 100 प्रतिशत से अधिक मतदान होने की सूचना है। शुक्रवार को त्रिपुरा के मुख्य चुनाव अधिकारी के एक बयान के अनुसार, इसका कारण चुनाव ड्यूटी प्रमाणपत्र (ईडीसी) का उपयोग था। मणिपुर में, जहां मतदान के दौरान सुरक्षाकर्मियों की भारी मौजूदगी देखी गई, वहां उल्लेखनीय रूप से 77.32 प्रतिशत मतदान हुआ।

**यूपी-बेंगलुरु में वोटिंग हुई कम :** आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि यूपी की गौतमबुद्ध नगर सीट पर 53.30 फीसदी मतदान हुआ। तुलनात्मक रूप से, चुनाव आयोग के आंकड़ों से पता चलता है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में 60.47 प्रतिशत, 2014 में 60.38 प्रतिशत और 2009 में 48 प्रतिशत मतदान हुआ था। बेंगलुरु के लगभग आधे मतदाताओं ने इस चरण में मतदान नहीं किया। शहर के तीन शहरी निर्वाचन क्षेत्रों - बेंगलुरु सेंट्रल, बेंगलुरु नॉर्थ और बेंगलुरु साउथ में मतदाताओं की भागीदारी काफी कम थी।

### कहां कितनी हुई वोटिंग

केरल में मतदान प्रतिशत 70.21 फीसदी रहा. केरल में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वायनाड लोकसभा क्षेत्र में मतदान 72.70 प्रतिशत दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश में 57.88 फीसदी मतदान हुआ। इस चरण के दौरान असम के पांच संसदीय क्षेत्रों में 77,26,668 मतदाताओं में से लगभग 71.11 प्रतिशत ने वोट डाले। महाराष्ट्र की आठ सीटों पर 57.83 फीसदी मतदान हुआ, जबकि राजस्थान में यह 64.07 फीसदी तक पहुंच गया. बिहार में 55.08 प्रतिशत और जम्मू-कश्मीर में 71.91 प्रतिशत मतदान हुआ। पश्चिम बंगाल में 71.84 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव आयोग को पश्चिम बंगाल में लगभग 300 शिकायतें मिलीं, जिनमें मुख्य रूप से ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत थी।

# पहली बार किसी प्रधानमंत्री की टिप्पणी पर चुनाव आयोग ने दिया नोटिस

**लोक तंत्र की आवाज**



**विशेष संवाददाता**

**नई दिल्ली।** किसी प्रधानमंत्री के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायत का पहली बार संज्ञान लेते हुए निर्वाचन आयोग ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस दिया है। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों की शिकायत पर यह कार्रवाई हुई है। विपक्ष ने आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में विभाजनकारी व मानहानि करने वाला भाषण दिया था। नड्डा से सोमवार तक जवाब देने के लिए कहा गया है।

इसी के साथ आयोग ने कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे को भी नोटिस जारी किया और उनकी तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर भाजपा द्वारा दर्ज करायी गई शिकायत पर उनसे जवाब देने को कहा। कांग्रेस ने गुरुवार को कटाक्ष किया कि जब प्रधानमंत्री की बात आती है तो आयोग 'अत्यधिक सावधान' हो जाता है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि नोटिस प्रधानमंत्री के बजाय भाजपा अध्यक्ष को दिया गया है।

जयराम ने कहा, 'पूर्व प्रधानमंत्रियों पीवी नरसिंह राव, अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह के खिलाफ ऐसी शिकायत नहीं की गई थी। यह दूसरी बार है जब हमने प्रधानमंत्री के खिलाफ शिकायत की है। इससे पहले हमने गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। उनके बजाय असम के मुख्यमंत्री पर कार्रवाई की गई। साल 2019 के लोक सभा चुनावों में आयोग ने विपक्षी दलों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों पर मोदी को क्लीन चिट दे दी थी।

**● कांग्रेस से भी मांगा जवाब**

आयोग ने स्टार प्रचारकों पर लगाम लगाने के पहले कदम के तहत पार्टी अध्यक्षों को जिम्मेदार ठहराने के लिए जनप्रतिनिधि कानून के प्रावधानों का इस्तेमाल किया है। उसके अनुसार, आयोग का विचार है जहां स्टार प्रचारक अपने भाषणों के लिए खुद जिम्मेदार होंगे, वहीं आयोग पार्टी प्रमुखों से 'मामला-दर-मामला के आधार पर' जवाब तलब करेगा।

अधिकारियों ने कहा कि इससे पार्टी अध्यक्ष पर ज्यादा जिम्मेदारी डाल दी गई है। भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा को लिखे पत्र में आयोग ने 21 अप्रैल को बांसवाड़ा में मोदी द्वारा की गई टिप्पणियों के संबंध में कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) और भाकपा (माले) की ओर से दर्ज कराई गई शिकायतों पर उनसे सोमवार तक जवाब देने को कहा। इन शिकायतों में मोदी के इन आरोपों का हवाला दिया गया है कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति को मुसलमानों में बांटना चाहती है और विपक्षी दल महिलाओं के 'मंगलसूत्र' को भी नहीं बख्शेगा। इस भाषण को लेकर बड़ा राजनीतिक विवाद हो गया।

# मणिपुर में देर रात सीआरपीएफ की बटालियन पर हमला, 2 जवान शहीद

**लोक तंत्र की आवाज**

**विशेष संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मणिपुर में फिर से हिंसा की खबरें सामने आ रही हैं. अब जानकारी मिली है कि उग्रवादियों के एक हमले में उपद्धा के दो जवान शहीद हो गए हैं।वो दोनों बिष्णुपुर जिले के नारनसेना इलाके में CRPF की 128वीं बटालियन के साथ तैनात थे (CRPF Personnel Died). न्यूज एजेंसी अठकने मणिपुर पुलिस के हवाले से मामले की जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, 26 अप्रैल की आधी रात को उग्रवादियों ने उपद्धा पर हमला किया. झड़प देर रात करीब सवा दो बजे तक आजतक की रिपोर्ट के मुताबिक, हमला करने वाले उग्रवादी कुकी समुदाय से थे. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने PTI को बताया,

उग्रवादियों ने उपद्धा कैंप को निशाना बनाते हुए पहाड़ी की चोटियों से अंधाधुंध गोलीबारी की. ये रात साढ़े 12 बजे के आसपास शुरू हुई और लगभग 2.15 बजे तक जारी रही. उन्होंने बम भी फेंके जिनमें से एक उपद्धा की 128 बटालियन की चौकी में फटा।

मृतकों की पहचान CRPF के सब-इंस्पेक्टर एन सरकार और हेड कांस्टेबल अरूप सैनी के तौर पर हुई है. घायल कर्मियों में इंस्पेक्टर जादव दास और कांस्टेबल आफताब हुसैन हैं. उन दोनों को छर्रे लगे हैं. पुलिस ने बताया कि हमले के साजिशकर्ताओं को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाश की जा रही है। इससे पहले कुछ उपद्रवियों ने कांगपोकपी, उखरूल और इंफाल पूर्व के ट्राइजंक्शन जिले में एक दूसरे पर फायरिंग की थी. इस घटना में दो कुकी लोगों की मौत हो गई।



26 अप्रैल को ही लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मणिपुर में भी वोटिंग हुई थी. इस पर मणिपुर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, प्रदीप कुमार झा ने बाहरी मणिपुर में ज्यादा मतदान और हिंसा की न्यूनतम घटनाओं के बारे में बात की थी. उन्होंने बताया कि वहां कोई बड़ी गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली है. हालांकि, मणिपुर के उखरुल जिले में दो मतदान केंद्रों पर उपद्रवियों ने ईवीएम और VVPT मशीनों में तोड़फोड़ की। इस बीच मणिपुर में मैतेई रिसर्जेंस फोरम ने भारत सरकार से आतंकी हमलों के संबंध में तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है. MReF ने प्रेस स्टेटमेंट में आरोप लगाया कि कुकी आतंकवादियों ने 16 अप्रैल को तेल और छद्म गैस टैंकरों पर घात लगाकर हमला किया था और 24 अप्रैल को एक महत्वपूर्ण पुल पर विस्फोट किया जिससे 150 से ज्यादा ट्रक फंस गए।

MReF ने कुकी नार्को-आतंकवादियों पर नदियों में जहरीला पदार्थ डालने का आरोप भी लगाया है. इससे पहले कुकी इनपी मणिपुर ने कुकी-जो प्रभुत्व वाले क्षेत्रों पर कथित हमले की निष्पक्ष जांच के लिए भारत सरकार से अपील की थी. हालांकि MReF ने हमले के दावे को खारिज किया है।

बता दें कि पिछले साल 3 मई को मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में एक 'आदिवासी एकजुटता मार्च' निकाला गया था. इस दौरान भड़की जातीय हिंसा में अब तक 180 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

# कम वोटिंग ने बढ़ाई भाजपा की टेंशन, मेरठ में अरुण गोविल बन न जाएं विलेन

**लोक तंत्र की आवाज**



**यूपी प्रभारी रत्ना शुक्ला की रिपोर्ट**

**(यूपी)मेरठ।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीट पर आज मतदान हुआ है। इन सीटों पर 1202 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला ईवीएम में कैद हो गया है। वहीं, केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी दूसरी बार चुनावी मैदान में हैं। आज वायनाड में भी चुनाव सम्पन्न हुआ है।

**कम वोटिंग ने बढ़ाई टेंशन :** दूसरे चरण की मतदान में कम वोटिंग ने भाजपा की टेंशन बढ़ा दी है। जहां बीजेपी के माथे पर सलवटें नजर आ रही हैं, दूसरी तरफ गठबंधन मुस्कुरा रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में साइकिल तेज रफ्तार से दौड़ रही है, भाजपा के हाथ से उसकी सीटें निकलती नजर आ रही हैं।

यदि हम बात करें मेरठ सीट की तो यहां से भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल 3 बार जीतकर हैट्रिक लगा चुके हैं, इस बार उनका टिकट काटकर रामायण सीरियल के राम यानी अरुण गोविल को उम्मीदवार बनाया गया। राम मंदिर के बाद मेरठ में राम की छवि को सामने रखकर वोट मांगे गए। लेकिन, रामायण सीरियल के राम की सीट फंसती नजर नही आ रही है, जिसके चलते हो सकता है वह भाजपा के विलेन बन जाएं।

मेरठ की यह हॉट सीट भाजपा की नाक का सवाल है। इस सीट पर राम को जीत हासिल कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनसभा की तो वहीं सूबे के मुखिया योगी जी को 4 बार मेरठ आना पड़ा। मुख्यमंत्री से लेकर रामायण की सीता और लक्ष्मण भी रोड शो करके अरुण गोविल की जीत के लिए जनता का आशीर्वाद मांगने आए। लेकिन मेरठ का वोटिंग 58.70 प्रतिशत देखकर यह कहा जा सकता है कि उनकी प्रतिष्ठा दांव पर लग गई है। मेरठ की सपा प्रत्याशी सुनीता वर्मा दलित बिरादरी से आती हैं और उनके साथ मुस्लिम समाज जुड़ने के कारण विजय का मार्ग प्रशस्त होता नजर आ रहा है। अभी तक जो तस्वीर निकल कर सामने आ रही है उसमें समाजवादी पार्टी और भाजपा में कांटे की टक्कर है।

### दूसरे चरण में कम वोटिंग

दूसरे चरण में यूपी की 8 सीटों पर मतदान का प्रतिशत बहुत कम सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक यूपी की 8 सीटों पर कुल 54.83 प्रतिशत मतदान हुआ। जो भाजपा की 400 पार की उम्मीदों पर पानी फेरता नजर आ रहा है। सबसे अधिक मतदान अमरोहा में 64.02 %, अलीगढ़ 56.62%, बागपत 55.97%, बुलंदशहर में 55.79%, गौतमबुद्ध नगर 53.06%, गाजियाबाद 49.65% मथुरा 49.29% और मेरठ में 58.70 प्रतिशत मतदान रहा है। भाजपा दूसरे चरण के मतदान को लेकर टेंशन में आ गई है। हो सकता है कि आगामी तीसरे चरण में वह कोई ब्रह्मास्त्र निकालकर मतदाताओं को अपने पक्ष में वोटिंग करने के लिए बूथ पा ला सके।

# 400 पार का नारा भाजपा का बड़बोलापन, अब मोदी भी..., सुब्रमण्यम स्वामी ने दिया बड़ा बयान

**लोक तंत्र की आवाज**



**नई दिल्ली।** भाजपा नेता और पूर्व राज्यसभा सदस्य सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा कि 400 पार का नारा देना भाजपा का बड़बोलापन है। अब तो मोदी भी नहीं बोल रहे हैं और बोलना भी नहीं चाहिए। सिर्फ इतना ही कहना चाहिए कि केंद्र में बहुमत से आएंगे।

पूर्व सांसद शुक्रवार को यहां एक निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए। उन्होंने पत्रकारों से बात की और कहा कि अगर चीन अगर भारतीय क्षेत्र को खाली नहीं करता तो भारत को उससे युद्ध करना चाहिए। राम मंदिर का निर्माण देश के लिए सौभाग्य की बात है। जहां राम पैदा हुए, वह स्थान हिंदुओं के लिए आस्था की जगह है।

मैंने सुप्रीम कोर्ट में तर्क दिया था कि राम मंदिर पर हमारा मूलभूत अधिकार है। अभी मथुरा में भव्य मंदिर का निर्माण होगा। मुसलमानों ने वैसे तो हजारों मंदिरों को तोड़ा है मगर अयोध्या, काशी और मथुरा के मंदिर हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। हमारी आस्था के प्रतीक हैं।

कांग्रेस के बाबत पूछे गए सवाल पर कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी बेल पर हैं। सरकार दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा रही है नहीं तो जेल में होते। ममता बनर्जी पर कहा कि वो बहादुर महिला हैं। कम्युनिस्ट और भाजपा को हराने के लिए उन्हें मुसलमानों का साथ लेना पड़ रहा है। ममता को एनडीए का हिस्सा बनाया जाता तो ठीक रहता।

# श्री राधा– कृष्ण एवं शिव–पार्वती मंदिर निर्माण को लेकर रखी गई आधारशिला, बनेगा भव्य मंदिर

लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** विष्णु नगरी गया धाम में श्री राधा कृष्ण एवं शिव पार्वती मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर शुक्रवार को शुभ मुहूर्त के अनुसार भूमि पूजन कर मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है।स्थानीय नई गोदाम स्थित पीपरपांती चौराहे पर वैदिक पाठशाला मंत्रालय के रामाचार्य पं राजा आचार्या जी के सानिध्य में भक्ति भावना के साथ उनके शिष्यों द्वारा वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच मुख्य यजमान कुमार रोहित एवं उनकी धर्मपत्नी मेघा लाल के द्वारा पूरे विधि विधान के साथ पूजा –अर्चना कर मंदिर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी है। इस दौरान श्री विष्णुपद वैदिक पाठशाला के बच्चों के द्वारा वैदिक मंत्रोंच्चारण और विष्णु सहस्त्रनाम के पाठ से आसपास का माहौल भक्तिमय हो उठा है। पं राजा आचार्य ने कहा की श्री गया गजाधर के धरा–धाम में श्री राधा कृष्ण सहित अन्य देवी देवताओं के मूर्ति स्थापना को लेकर मंदिर निर्माण करने की योजना है। जो बड़ा ही हर्ष का विषय है।मंदिर निर्माण से गया क्षेत्र के लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि मंदिरों के निर्माण से ही धर्म की रक्षा और राष्ट्र का उत्थान होता है। इस मौके पर रौनियार वैश्य समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों में काफी उमंग एवं उत्साह देखा गया है।वर्षों से मंदिर निर्माण की बाट जो रहे उक्त प्रस्तावित स्थल पर मंदिर जीर्णोद्धार समिति के अथक प्रयास से किए गए भूमि पूजन के उपरांत निर्माण कार्य शुभारंभ होने पर समाज के लोगों ने जमकर सराहना की है।मंदिर जीर्णोद्धार समिति के पदाधिकारी अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि नई गोदाम मोहल्ले में प्राचीन काल से देवी– देवताओं के मंदिर हैं, जो हमारे पूर्वजों से मिली है। इस ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित और विकसित करना हमारा कर्तव्य बनता है इसी उद्देश्य को लेकर के नए और आधुनिक रूप में राधा कृष्ण जी एवं शिव–पार्वती का भव्य और आकर्षक मंदिर बनाया जाएगा। जो श्रद्धालुओं के लिए दर्शनीय और आस्था का केंद्र रहेगा। भूमि पूजन के बाद लोगों के बीच भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया है।मंदिर जीर्णोद्धार समिति के पदाधिकारी अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि मंदिर निर्माण होना हम सबों के लिए खुशी की बात है। मंदिर निर्माण के लिए सभी सनातन धर्मावलंबी सहयोग देकर यश के भागी बनें।पुरे इलाके की सफाई वार्ड पार्षद डिम्पल कुमार सुबह से ही करवाई एवं चुना का छिड़काव करवाई है। इस मौके पर रौनियार वैश्य समाज के अध्यक्ष ,महामंत्री अरुण कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, रौनियार महिला समिति किरण गुप्ता, मौजी लाल ट्रस्ट के अशोक प्रसाद, बालमुकुंद प्रसाद, राहुल महाजन, अमिताभ गुप्ता, सिमा गुप्ता, अरविंद आदित्य, रोहीत कुमार आनंदी माई, जगत किशोर गुप्ता,, माधुरी गुप्ता, सुनैना गुप्ता, ममता महाजन, अंजू गुप्ता राजकुमारी गुप्ता, गुड्डी गुप्ता, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के विभाग महामंत्री रामकुमार बारिक, हिंदू हेल्पलाइन के जिला अध्यक्ष विशाल कुमार बारिक, मेघा गुप्ता, नीता गुप्ता, नेहा कुमारी एवं अश्वनी कुमार समेत बड़ी संख्या में हिंदू सनातनी और रौनियार समाज के लोग उपस्थित थे।

## मंदिरों के निर्माण से ही धर्म की रक्षा संभवः पं राजा आचार्य





## संक्षिप्त खबरें ।

### मुखिया की पत्नी के निधन पर लोगों ने दी श्रद्धांजलि



वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):–वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर पंचायत के मुखिया प्रभु प्रसाद को पत्नी शोक हुआ है।मुखिया प्रभु प्रसाद की पत्नी की मौत वारिसलीगंज शहर में स्थित अपने निजी मकान पर हुई।मुखिया की पत्नी संजु लंबी बीमारी से जुझ रही थी और गुरुवार की शाम अंतिम सांस ली।मुखिया पत्नी के निधन पर समाज के हर तबके के लोगों ने शोक जताया है और परिवार को ढांढस बंधाया है।मुखिया पत्नी संजु के निधन पर विधायक अरुणा देवी, नवादा लोकसभा से राजद के उम्मीदवार श्रवण कुशवाहा, जिला पार्षद अंजनी सिंह, मुखिया संघ के अध्यक्ष गौतम सिंह, काशीचक के पूर्व जिला पार्षद राजीव कुमार, अपसढ़ पंचायत के मुखिया राजकुमार सिंह, कुटरी मुखिया अभिनव आनंद, चकवाय पंचायत के मुखिया मृत्युंजय कुमार उर्फ मिथुन, बाघीवरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सोनु राज, नगर पर्षद के उपाध्यक्ष अरुण प्रसाद, सेवानिवृत्त प्राचार्य डा गोविन्द जी तिवारी, डा शंभु शरण, सुरेन्द्र प्रसाद यादव, अजीत यादव, मोसमा पंचायत के पूर्व मुखिया मनोज प्रसाद, मिथलेश कुमार सहित अन्य लोगों ने शोक जताते हुए श्रंद्धाजलि अर्पित की।मुखिया पत्नी संजु को मुखाग्नि उनके पुत्र दीपचंद कुमार ने दी।मृतिका संजु का दाह– संस्कार गुरुवार की देर रात ही कर दी गई थी।

### देसी शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार




वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):–वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के विजय नगर निवासी रामेश्वर मांझी को गुरुवार को आठ लीटर देसी शराब के साथ पुलिस ने गिरफ्तार जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि शराब बेचने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के बाद आरोपी के ठिकाने पर छापेमारी की गयी, जहां बेचने के लिए रखा हुआ आठ लीटर देसी शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के विरुद्ध नई उत्पाद अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

### मारपीट मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):–वारिसलीगंज नप थाना क्षेत्र के संगत पर मुहल्ला निवासी सुनील दास को गुरुवार को पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार किया, जिसे न्यायालय भेज दिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेष कुमार सिन्हा ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध स्थानीय थाना में मारपीट करने की प्राथमिकी दर्ज है।

## सिरदला– पुलिस ने कलौंदी के जंगल में दो महुआ शराब की संचालित भट्ठी को किया ध्वस्त, प्राथमिकी की दज



'लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**

परना डाबर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कलौंदी गांव से पश्चिम घने जंगल में दो महुआ शराब की संचालित भट्ठी को ध्वस्त कर, 1800 लीटर जावा महुआ मीठा गोल विनिष्ट कर, शराब बनाने के उपकरण को आग के हवाले किया गया है। इस मामले में भट्ठी संचालक रुपलाल सिंह तथा ईश्वरी सिंह द्वारा भठी संचालित की जा रही थी। थाना अध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि 100 –100 मीटर की दूरी पर दोनों भट्ठी संचालित हो रही थी। जिसको ध्वस्त किया गया है। ध्वस्त परना डाबर थाना की पुलिस के द्वारा किया गया है। दोनों भट्ठी संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस पुलिस कार्रवाई से शराब भट्ठी संचालकों तथा कारोबारी में हड़कंप देखा जा रहा है। मौके पर परना डाबर थाना की कई पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना दो युवक जख्मी ,रेफर




लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):–**वारिसलीगंज खरांठ पथ में जगदम्बा धर्मकांटा के समीप बाइक सवार दो युवकों को किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने सड़क पर गिरकर दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गया।बाद में आसपास के लोगो की सूचना पर पहुंचा पीएचसी का एम्बुलेंस से घटना स्थल से ही विम्स पावापुरी भेजा गया। एक युवक की पहचान माफी ग्रामीण राम विलास सिंह का पुत्र सौरभ कुमार उर्फ प्रद्युम्न के रूप में हुई। जबकि दूसरा युवक ठेरा ग्रामीण बबलू सिंह का पुत्र राज के रूप में हुई। घटना पर लोगो ने बताया की राज की हालत काफी नाजुक है। क्योंकि सड़क पर गिरने से उसके सिर के पिछले हिस्से क्षतिग्रस्त हो कर सड़क पर काफी रक्तस्राव हो चुका था। दोनों युवकों की उम्र 22/25 होगी। घटना के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है। बता दें कि वारिसलीगंज क्षेत्र में बेलगाम बालू लोड ट्रैक्टर ज्यादातर घटना का कारण बनता है। लोगो की माने तो दोनों युवकों को हेड इंजरी है। अगर दोनों हेलमेट पहने रहता तो जोखिम कम होती। इस घटना से क्षेत्र के युवाओ खासकर तेज रफ्तार बाइक चालको को सबक लेने की जरूरत है। कि बाइक को निर्धारित मानक के अनुरूप चलाये। साथ ही हेलमेट जरूर पहनें। चाहे सौ मीटर ही क्यों नहीं चलना हो।

## जहर खिलाकर विवाहिता की हत्या कर देने के मामले में पति, सास–ससुर समेत 4 पर प्राथमिकी पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिए सास–ससुर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** 7 जुलाई 2022 को मृतका प्रीति की रजौली के अंबातरी निवासी किशुन यादव के बेटे संदीप के साथ हिंदू रीति–रिवाज से हुई थी शादी मृतका के ससुराल वालों पर 26 अप्रैल को प्रीति को जहर खिलाकर हत्या कर देने का है आरोपी रजौली। 26 अप्रैल को रजौली के अंबातरी गांव में जहर खिलाकर विवाहिता की हत्या कर देने के मामले में मृतका के पति, ननद एवं सास–ससुर समेत 4 लोगों पर रजौली थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाने में प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद घटना के दिन शुक्रवार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए मृतका के सास–ससुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया।मृतका की नानी गया जिले के गुरुपा थाना क्षेत्र के गुरुपा गांव निवासी सिद्धेश्वर प्रसाद की पत्नी कांति देवी ने रजौली थाने में आवेदन देकर नतिनी प्रीति के ससुराल वालों पर दहेज लेने की खातिर नतिनी लवली कुमारी उर्फ प्रीति कुमारी को प्रताड़ित करने, उसके साथ मारपीट करने एवं 26 अप्रैल को जहर खिलाकर उसकी हत्या कर देने का आरोप लगाया है।मृतका की नानी कांति कुमारी ने रजौली थाने में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में मृतका के पति संदीप कुमार, ननद सीमा कुमारी उर्फ रानी कुमारी, सास धनवा देवी, ससुर किशुन यादव पर 26 अप्रैल को उसकी नतिनी लवली कुमारी उर्फ प्रीति कुमारी को जहर खिलाकर उसकी हत्या कर देने का आरोप लगाया है।दर्ज प्राथमिकी में मृतका की नानी ने बताई कि लगभग 2 वर्ष पूर्व 7 जुलाई 22 को अपनी नतिनी निरंजन कुमार सिंह की बेटी लवली कुमारी उर्फ प्रीति कुमारी की शादी रजौली थाने के अंबातरी गांव निवासी किशुन यादव के बेटे संदीप कुमार के साथ हिन्दू रीति–रिवाज के साथ की थी। शादी के बाद से ही उसकी नतिनी के पति व ससुराल वाले दहेज के लिए बार बार मारपीट और प्रताड़ित करते थे।26 अप्रैल को उसकी नतिनी लवली कुमारी उर्फ प्रीति कुमारी को उसके ससुराल वालों ने दहेज की खातिर जहर खिलाकर हत्या कर दी। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि विवाहिता की मौत के मामले में मृतका की नानी के आवेदन विवाहिता के ससुराल वालों पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई। शुक्रवार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए मृतका के सास–ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।विवाहिता के शव को पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जल्द ही मृतका के पति व ननद को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।




## जमीन विवाद सुलझाने गई पुलिस पर हमला, बाल खींचकर महिला पुलिसकर्मी की पहले खेत में, फिर थाने में की पिटाई

लोकतंत्र की आवाज

**दुर्गेश नंदिनी (गया)**

**गया (बिहार)।** मुफस्सिल थाना की पुलिस दो गोतिया (परिवार) के बीच जमीन विवाद में एक ही दिन में दो बार पिट गई। मामला शुक्रवार का है, सबसे पहले जिस जगह पर विवाद था वहीं, महिला पुलिसकर्मी ने पहले एक महिला को बाल खींच दिया और पिटाई कर दी। जिसके बाद तीन युवतियों ने मिलकर महिला पुलिसकर्मी की बाल खींचकर खेत में पिटाई कर दी। यहां तक ही नहीं इसके बाद थाने में घुसकर महिलाओं ने उसी महिला पुलिसकर्मी की फिर से पिटाई कर दी। इससे वह चोटिल हो गई। मारपीट की वजह से महिला पुलिस कर्मी खुशबू कुमारी की तबीयत खराब होने लगी, तो उसे शनिवार को मगध मेडिकल कालेज में एडमिट कराया गया है। पहले



तो इस घटना को पुलिस पूरे दिन छिपाती रही। वहीं, मारपीट का वीडियो हाथ लगने की बात कहने पर मुफस्सिल पुलिस ने 6 लोगों पर सुरेश सिंह, प्रिंस कुमार, सुमंती देवी, खुशबू कुमारी, गुंजा कुमारी और रिंकी कुमारी के खिलाफ शनिवार को केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। वीडियो में महिला पुलिसकर्मी की बाल खींचकर पिटाई करते हुए महिलाएं दिख रही हैं। थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद कहते हैं–– पुलिस संबंधित मामले में कार्रवाई कर रही है। केस दर्ज किया गया है। कुछ लोग गिरफ्तार भी किए गए हैं। उन्हें जेल भेजा जा रहा है। दरअसल, सिकहर गांव निवासी सुरेश सिंह का गोतिया विभा सिंह से जमीन विवाद चल रहा था, जिस जमीन को लेकर विवाद था, उसपर दूसरा पक्ष भूमि पूजन के लिए पहुंच गया। सुरेश सिंह और उनके परिजनों ने विरोध किया। इस बीच डायल 112 की टीम पहुंची और दोनों पक्ष के बीच किसी तरह से मामले को शांत कराया और चली गई, लेकिन भूमि पूजन फिर शुरू हो गया। इसी, बीच मुफस्सिल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। सुरेश सिंह के परिजनों और पुलिस के बीच बहस होने लगी। सुरेश सिंह पुलिस पर जमीन कब्जा करवाने का आरोप लगाते हुए वीडियो बनाने लगे। इसी बीच दो लड़कियों ने महिला पुलिसकर्मी को कई थप्पड़ जड़ दिए। महिला पुलिसकर्मी ने भी उन दो लड़कियों में से एक के बाल पकड़ लिए, तो लड़कियों ने भी महिला पुलिसकर्मी के बाल पकड़ लिए इस दौरान वहां मौजूद पुलिसकर्मी 'बाबू छोड़ दो' कहते रहे। मामले में दो केस दर्ज इसी बीच दोनों पक्षों के बीच रोड़ेबाजी शुरू हो गई और एक पत्थर सुरेश सिंह के पक्ष के लड़के को लग गया। इससे वह लहूलुहान हो गया। इधर, मौके से पुलिस फरार हो गई। इसके बाद घायल पक्ष केस दर्ज कराने थाने पहुंचा, तो मुफस्सिल पुलिस भड़क गई। इस बात से गुस्साए घायल पक्ष की महिलाओं ने एक बार फिर से खुशबू कुमारी की पिटाई कर दी। फिलहाल मामले की जांच चल रही है। पुलिस ने इस मामले में दो केस दर्ज किए हैं। एक केस पुलिस ने खुद तो दूसरा सुरेंद्र सिंह के विरोधी पक्ष विभा सिंह ने कराया है। अब तक घायल पक्ष का केस दर्ज नहीं किया गया है।

## लोकसभा प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा ने किया ग्रैंड पंचम मैरेज हॉल का उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):–**नवादा जिले के रोह प्रखंड अंतर्गत नीचली बाजार स्थित नवनिर्मित ग्रैंड पंचम मैरेज हॉल का उद्घाटन नवादा लोकसभा प्रत्याशी श्रवण कुमार ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा की ग्रामीण क्षेत्रों में शादी एवं अन्य शुभकार्यों के लिए एक छत के नीचे सुस्सजीत वातावरण एवं शहरी सुविधा उपलब्ध हों ताकी लोग अपना कार्य निबटा सकें।इस अवसर पर संचालक पंचम कुमार ने कहा की हमारा उद्देश्य सिर्फ़ पैसा कमाना नहीं बल्की बेहतरीन सुविधा उपलब्ध कराना है ताकी शादी विवाह समाहरोह संप्पन करने में किसी प्रकार का असुविधा न हो पैसा व्यक्ति की परस्थिति और समय को देखते हुए चार्ज किया जायेगा, लडकी के लिए विषेश छूट और हर जोड़े को विशेष उपहार दिया जायेगा, उन्होंने कहा की पहला बुकिंग पर पचास प्रतिशत की छूट भी मिलेगी।हॉल में उपयुक्त चेयर लगाने एवं जय माला के लिए स्टेज, साज सज्जा सम्पन्न के साथ महाराजा चेयर, बना बनाया माड़ो तथा खाना खिलाने के लिए लॉन भी उपलब्ध रहेगी।जिसकी क्षमता हजारों लोगों से अधिक रहेगी यहां सभी आवश्यक चीजों की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। बस आए और शादी विवाह आनंद ले इसके अलावा कॉन्फ्रेंस की सारी सुविधा उपलब्ध है।अतिथि ने कहा क़ी ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की शहरी सुविधा उपलब्ध कराना पंचम मेहता के अच्छी सोच को दर्शाता हैं, इस प्रकार के सुविधा जब गांव में होगा तो लोग शहर की ओर पलायन नहीं करेगा।सबसे बड़ी बात यह है कि मैरिज हॉल के साथ कॉन्फ्रेंस हॉल का होना बहुत बड़ी उपलब्धि है, इसका फ़ायदा सभी को उठाना चाहिए।मौके पर राजद जिलाध्यक्ष सह नवादा जिला मुखिया संघ अध्यक्ष उदय यादव, गौतम कपूर चन्द्रवंशी, बैजनाथ कुशवाहा, कुशवाहा सेवा समिति नवादा के लोग सहित दर्जनों क़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य मौजूद थे।



## सिविल सर्जन ने अनुमंडलीय अस्पताल का किया औचक निरीक्षण ट्रामा सेंटर एवं एनआरसी वार्ड का लिया जायजा

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** अनुमंडलीय अस्पताल में गंभीर मरीजों को इलाज कराने के लिए सूबे की राजधानी पटना एवं अन्य जगहों पर जाने से शीघ्र छुटकारा मिलने की उम्मीद है।स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल में ही गंभीर मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है।इसके लिए फिलहाल परिसर में हीं ट्रामा सेंटर खोलने की तैयारी हो गया है। शनिवार को औचक निरीक्षण में पहुंचे सिविल सर्जन राम कुमार ने बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल कैंपस में संचालित एनआरसी को अस्पताल के दूसरे तल्ले पर स्थानांतरित करते हुए समायोजन किया गया है।साथ ही खाली हुए जगह पर ट्रामा सेंटर खोलने की तैयारी जोर शोर से चल रहा है। उन्होंने ट्रामा सेंटर के लिए बनाए जा रहे हॉल का निरीक्षण



किया।सीएस ने बताया कि ट्रामा सेंटर में इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल के सर्जन व चिकित्सकों को जिम्मेदारी दिया गया है।अनुमंडलीय अस्पताल में 25 चिकित्सकों की नियुक्ति की जानी थी।लेकिन पूर्व से मात्र दस चिकित्सकों की तैनाती है एवं शेष चिकित्सकों के पदस्थापना को लेकर वरीय पदाधिकारी को पत्राचार किया गया है।इसके अलावा ट्रामा सेंटर खोलने में उपकरणों की कमी व अन्य चिकित्सकों को तैनात करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखा गया है।साथ ही उपकरण उपलब्ध कराने की दिशा में भी काम शुरू हो गया है।ट्रामा सेंटर जल्द ही सुचारू रूप से शुरू किये जाने की बात कही।बताते चलें कि रजौली से पटना के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 20 गुजरती है।इसके अलावा स्टेट हाइवे–70 रजौली से गया होते हुए कई अन्य शहरों तक जाती है।इन दोनों हाइवे पर आए दिन हादसे होते रहते हैं।हादसों के बाद घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल लाया जाता है।यहां गंभीर मरीजों की इलाज की व्यवस्था नहीं होने से चिकित्सकों को उन्हें रेफर करना पड़ता है।सिविल सर्जन ने बताया कि ट्रामा सेंटर चालू होने के बाद यहां गंभीर मरीजों को इलाज की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

वही जांच के दौरान एनआरसी में बच्चों की उपस्थिति नगण्य रहने पर जताई चिंता, कहा जागरूक करने की जरूरत साथ ही अस्पताल बिल्डिंग के दूसरे तल्ले में समायोजित किए गए एनआरसी व पीकू की व्यवस्था को भी सीएस ने देखा। इस दौरान एनआरसी में कुपोषित बच्चों के नहीं रहने पर उन्होंने नाराजगी जताई।उन्होंने कहा की एनआरसी में व्यवस्था पूरी है।इसके लिए अलग से चिकित्सक व एजीएनएम सहित अन्य कर्मचारियों की तैनाती है।उसके बावजूद भी बच्चों की संख्या नगण्य रहना चिंता का विषय है।उन्होंने बताया कि ऐसा नहीं है कि पूरे जिले में कुपोषण के शिकार बच्चे नहीं है।बावजूद रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में संचालित एनआरसी के बेड खाली रहना चिंताजनक है।इसके लिए उन्होंने कहा कि जल्द हीं आंगनबाड़ी सेविका एवं आशा के साथ एक आवश्यक बैठक कर कुपोषित बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने को लेकर निर्देशित किया जाएगा।इसके अलावा अनुमंडलीय अस्पताल में संचालित पीकू वार्ड का भी निरीक्षण उनके द्वारा किया गया।उन्होंने बताया कि इस वार्ड में बच्चों के इलाज के लिए सारे उपकरण व ऑक्सीजन लगे हुए हैं।बावजूद गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों का इलाज यहां नहीं हो रहा है।इसके लिए भी चिकित्सकों को निर्देशित किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### एटरब्लिस फाउंडेशन द्वारा नीदरलैंड्स के ओलस्ट शहर में होगा श्री रामलला मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा एवं मंदिर का उद्घाटन

सोनू

वाराणसी आध्यात्मिक विकास के राम आवहन योग क्रिया की दीक्षा जरूरी – स्वामी अखंड सम्राट आनंद वाराणसी आज मलदहिया स्थित होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल में आयोजित पत्रकार वार्ता में एटरब्लिस फाउंडेशन इंडिया के संस्थापक स्वामी अखंड सम्राट आनन्द महाराज व संस्था के निदेशक राहुल मुखर्जी ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को बताया कि नीदरलैंड्स की संस्था शिरडी साईं बाबा फाउंडेशन जिसके चेयरमैन डॉ एटिएन भगवान प्रेमदानी के साथ मिलकर विश्व भर में सनातन धर्म के ज्ञान का प्रचार– प्रसार तथा विश्व में श्री रामलला की मूर्ति बनाकर प्राण प्रतिष्ठा व इसका भव्य उद्घाटन करने का संकल्प लिया गया है। उक्त बातें संस्था के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु स्वामी अखंड सम्राट आनन्द जी ने विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि श्री रामलला की मूर्ति का भव्य प्राण प्रतिष्ठा व शुभारम्भ यूरोप के नीदरलैंड्स के शहर ओल्स्ट में की जा रही हैं। साथ ही पूरे यूरोप में श्री रामलला की मूर्ति स्थापित तथा मंदिर बनाने का संकल्प लिया है। बहुत ही गर्व का विषय है कि इस वर्ष अयोध्या में विराजमान श्री रामलला मूर्ति के समान ही दिव्य कृष्ण शीला पत्थर से निर्मित यह पवित्र मूर्ति अनादि भक्ति के सार समाहित करती हैं। इन मूर्तियों का निर्माण विश्व की आध्यात्मिक राजधानी काशी में होगी। इस अवसर पर संस्था के निदेशक राहुल मुखर्जी ने बताया कि स्वामी जी द्वारा विश्व भर में सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के साथ नीदरलैंडस में राम आव्हान क्रिया योग दीक्षा देंगे। राहुल मुखर्जी ने बताया कि ओलस्ट में एक नईं अयोध्या बनाने के अपने दृष्टिकोण को साझा करने पर गर्व है तथा दुनियां भर में आध्यात्मिकता और सनातन धर्म का प्रचार के साथ दुनियां भर के श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए आमंत्रित किया जायेगा। इस मौके पर स्वामी जी ने कहा कि यह महान प्रयास आध्यात्मिक ज्ञानोदय और सार्वभौमिक सदभाव की ओर मार्ग प्रशस्त करते हुए सामने आया है।

### अवध क्षेत्र को लेकर अचानक एक्टिव हुए अमित शाह, गड़बड़ी की आशंका; पदाधिकारियों को बुलाया कानपुर



अनिल

कानपुर गृह मंत्री अमित शाह यहां चौथे चरण की सीटों की समीक्षा करने आ रहे हैं। पहले वह कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के कानपुर अकबरपुर इटावा कन्नौज फर्रुखाबाद संसदीय सीटों की समीक्षा करने वाले थे लेकिन अब समीक्षा का दायरा बढ़ा दिया गया है। इसमें अवध क्षेत्र में भी चौथे चरण में जिन संसदीय सीटों पर मतदान होना है उन्हें भी बुला लिया गया है। कानपुर–बुंदेलखंड क्षेत्र की पांच लोकसभा सीटों के साथ गृह मंत्री अमित शाह अब अवध क्षेत्र के आठ संसदीय क्षेत्रों की समीक्षा बैठक भी करेंगे। इसके लिए पदाधिकारियों को कानपुर बुलाया गया है। ये सभी सीटें चौथे चरण की हैं और रविवार शाम पांच बजे खलासी लाइन स्थित विजय कांटिनेंटल होटल में बैठक शुरू होगी। माना जा रहा है कि अमित शाह सभी सीटों के कमजोर बिंदुओं पर चर्चा कर गड़बड़ी करने वालों के पेच भी कसेंगे, इसलिए देर रात तक बैठक चल सकती है। इसीलिए उनके रुकने की व्यवस्था भी की गई है। वह सोमवार सुबह यहां से रवाना होंगे।

### स्कूलों में शिक्षा के नाम पर आडंबर बंद होना चाहिए

घनश्याम तिवारी

वाराणसी। प्राइवेट स्कूल में शिक्षा के नाम पर होने वाले आडंबर पर बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल डोमरी रामनगर के निदेशक मुकुल पांडेय ने बड़ा हमला बोला है. उन्होंने साफ कहा है कि स्कूलों में शिक्षा के नाम पर आडंबर बंद होना चाहिए. सहज शिक्षा होनी चाहिए. एसी स्कूल, एसी बस और एसी क्लासरूम की क्या आवश्यकता ? भगवान रामचन्द्र जी गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण की तो क्या वह योग्य नहीं बने ।

# रोटरी क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार मे जिलाधिकारी अनुनय झा की बैठक

लोकतंत्र की आवाज़

**जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन एक बेहद महत्वपूर्ण कार्य है और पूरा प्रशासनिक अमला इसमें लगा हुआ है**



घनश्याम तिवारी

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने लोकसभा निर्वाचन में मतदाता जागरूकता अभियान और निर्वाचन को शांतिपूर्वक व सकुशल ढंग से संपन्न कराने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में रोटरी क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ बैठक की।जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन एक बेहद महत्वपूर्ण कार्य है और पूरा प्रशासनिक अमला इसमें लगा हुआ है। फिर भी अनेक ऐसे क्षेत्र हैं जिसमे सिविल सोसाइटी की भूमिका बेहद अहम है। मतदाता जागरूकता अभियान और निर्वाचन कार्य में लगे मतदान कार्मिकों की सहायता दो ऐसे क्षेत्र हैं, जिसमे सिविल सोसाइटी प्रशासन का बेहद अहम सहयोग कर सकता है। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब हमेशा समाज में अपने नागरिक दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रसिद्ध रहा है। इसलिए हमारी इच्छा कि आप लोग किस प्रकार हमारी सहायता कर सकते हैं, इस पर अपना सुझाव दें। इस अवसर पर रोटरी क्लब द्वारा नुक्कड़ नाटक के द्वारा कम मतदान वाले बूथों पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने, विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर मतदाता जागरूकता बैनर लगवाने और डोरझटूझडोर अभियान के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही क्लब द्वारा पोलिंग पार्टियों के रवानगी के समय उनके जलपान में सहयोग करने और इसके अतिरिक्त चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए अगले सप्ताह तक अपनी कार्ययोजना को प्रशासन के साथ साझा करने का निर्देश दिया ताकि प्रशासन की ओर से आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।बैठक में अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, डिप्टी आरएमओ विवेक सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी वैभव सिंह, डॉ कृष्णा साहनी, डॉ सलीम, पंकज मौर्या, विनोद गुप्ता सहित रोटरी क्लब के सदस्य मौजूद रहें।


## आजमगढ :दस्तक सफाई अभियान जगह–जगह चलाया गया



लोकतंत्र की आवाज

**आजमगढ ।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत जिला पंचायत राज अधिकारी जी के आदेश क्रम में विकासखंड के सभी ग्राम पंचायत में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है संचारी रोकथाम नियंत्रण के तहत जगह–जगह सफाई अभियान चलाया जा रहा है जिससे कि रोगों से निदान पाया जाए गुलाब चौरसिया ने बताया है कि सब रोगों की एक दवाई स्वच्छ रहे भारत हमारा स्वच्छ रहे जनपद हमारा स्वच्छ रहे ग्राम पंचायत हमारा इसी नारे के साथ आसपास के लोगों से जागरुक करते हुए इस समय जो मच्छर जनित रोग का प्रकोप चल रहा है उसे निदान पाने के लिए साफ सफाई बहुत जरूरी है स्वच्छ भारत मिशन के तहत पूरे जनपद में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है आज दिनांक 27 अप्रैल 2024 को जिलाधिकारी महोदय जी के बंगले के पीछे नाली की सफाई करते हुए कचरा हटाते हुए दवा का छिड़काव करते हुए झाड़ू लगाते हुए जिससे कि संचारी रोग का बढ़ावा ना हो उसे निदान पाया जाए आज की सफाई अभियान में गुलाब चौरसिया अभय चौहान आदि लोग मौजूद रहे विकासखंड पल्हनी जनपद आजमगढ़ स्वच्छ भारत मिशन एक कदम स्वच्छता की ओर

## ट्रेन में अंडा करी और बिरयानी खाकर 40 यात्रियों की बिगड़ गई हालत– नागपुर में वेंडर से खरीदा था खाना



लोक तंत्र की आवाज

सोनू

**कानपुर ।** डाक्टरों के अनुसार विवेक मुस्कान पीयूष बबिता प्रेमचंद्र मोहम्मद फरहान रुकैया बेगम मिथलेश राम शरण आनंद सुमित व अभिनव को दिक्कत हो रही थी। सेंट्रल स्टेशन के उप मुख्य यातायात अधीक्षक आशुतोष सिंह ने बताया कि नागपुर जंक्शन में अंडा करी व अंडा बिरयानी खाने से तबीयत बिगड़ी। मामले की जांच कराई जा रही है। इसके बाद ट्रेन में हड़कंप मच गया। यशवंतपुर–गोरखपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस के नौ कोच के 40 यात्रियों की अंडा करी और बिरयानी खाने के बाद हालत बिगड़ गई। भोपाल के बाद पेट में दर्द, उल्टी–दस्त और बुखार की शिकायत पर झांसी और कानपुर सेंट्रल में सभी का उपचार किया गया। इससे शुक्रवार दोपहर 15 मिनट ट्रेन कानपुर में खड़ी रही। लोको अस्पताल के अधीक्षक समेत डाक्टरों की टीम ने बताया कि सभी खतरे से बाहर हैं।ट्रेन जब कानपुर दोपहर 12.02 बजे आई तो यात्रियों ने बताया कि बलारशाह स्टेशन पर अवैध तरीके से खानपान सामग्री बेचने वाले वेंडर ने खाने का आर्डर लिया। उसके बाद नागपुर जंक्शन पर अंडा करी व अंडा बिरयानी की आपूर्ति की। झांसी में डाक्टरों ने सभी यात्रियों का उपचार किया। इस दौरान करीब एक घंटे तक खड़ी रही। इसके बाद कानपुर में स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार तिवारी की उपस्थिति में डाक्टरों की टीम ने 33 मरीजों को दवाएं दीं।

## एश्ट पर सवाल उठाने वाले वही हैं जो कभी लूटा करते थे बैलेट' , सीएम योगी के ईवीएम और गोमांस मामले पर कांग्रेस और इंडी गठबंधन से तीखे सवाल

लोक तंत्र की आवाज



**रत्ना लखनऊ ।** मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग ईवीएम को नकार रहे हैं ये वही हैं जो बैलेट बॉक्स लूटने का काम करते थे। अगर आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करके भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव की सुचिता को सुनिश्चित किया है तो ये लोग अपना गुस्सा ईवीएम पर फोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईवीएम पर सवाल उठाने पर कांग्रेस ओर इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि ये वही लोग हैं जो बैलेट लूटने का काम करते थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में पुख्ता हार को देख कांग्रेस के लोग ईवीएम पर दोषारोपण कर रहे हैं। सीएम योगी शनिवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने गोमांस मुद्दे पर भी कांग्रेस और इंडी गठबंधन को निशाने पर लिया। सीएम योगी ने पूछा कि वो अपने घोषणापत्र में लिख रहे हैं अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद के खान–पान का अधिकारी दिया जाएगा। आखिर अल्पसंख्यकों का ऐसा कौन सा खान–पान है जो शेष समुदाय से अलग है। मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे पर इंडी गठबंधन के अन्य सहयोगियों की चुप्पी पर भी सवाल उठाए हैं।मुख्यमंत्री ने ईवीएम मुद्दे पर कहा है कि इंडी गठबंधन जब भी हार रहा होता है, तो अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर डालने का प्रयास करता है। 2014 से लगातार हम सब इस बात को सुन रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से पूछा कि गत वर्ष हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में क्या बैलेट पेपर से सरकार बनी थी, 2004 में यूपीए की सरकार और 2018 में

# सोमवार से बदलेगा वढ के परिषदीय स्कूलों का समय, कक्षा एक से आठवीं तक की अब ये नई टाइमिंग

लोक तंत्र की आवाज




**रत्ना लखनऊ ।** यूपी के परिषदीय विद्यालय शनिवार के बाद सोमवार को पुराने समय पर ही संचालित होंगे। यह आदेश निदेशक बेसिक शिक्षा प्रताप सिंह बघेल ने यह आदेश जारी किया है। जिसके बाद असमंजस की स्थिति में शिक्षक हैं। उनका कहना है कि क्या गर्मी एक ही दिन के लिए पड़ेगी। आदेश किसी की समझ से बाहर है। यूपी में मौसम विभाग ने लू का अलर्ट जारी किया है उप्र बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित सभी प्राथमिक व जूनियर हाईस्कूलों के खुलने के समय में परिवर्तन किया गया है। शिक्षा निदेशक बेसिक लखनऊप्रताप सिंह बघेल की ओर से यह आदेश शुक्रवार को जारी किया गया है। मेरठ में बीएसए आशा चौधरी ने बताया कि 27 अप्रैल को जिले के कक्षा एक से आठवीं तक के परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालयों का संचालन सुबह 7.30 से सुबह 11.30 बजे तक हुआ। 28 अप्रैल को रविवार का अवकाश रहेगा। जबकि 29 अप्रैल से अग्रिम आदेश तक सुबह सभी प्राथमिक व जूनियर हाईस्कूल 7:30 से दोपहर 1 बजे तक रहेगा।आगरा में बेसिक शिक्षा विभाग के कक्षा एक से आठवीं तक के परिषदीय विद्यालय 28 अप्रैल तक सुबह 7:30 बजे से दोपहर 11:30 बजे तक संचालित होंगे। वहीं 29 अप्रैल से इसे दोपहर 1:00 बजे तक संचालित किया जाएगा। आदेश के जारी होने के बाद शिक्षक असमंजस में हैं कि इस आदेश का औचित्य क्या है।

## जनपद के समस्त दुकानदार अपने दुकान का लाइसेंस नवीनीकरण अवश्य करा लें

लोकतंत्र की आवाज़



घनश्याम तिवारी

**बलिया।** प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के मार्गदर्शन में डॉक्टर वेद प्रकाश मिश्रा सहायक आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जनपद के समस्त दुकानदार भाइयों से अपील करते हुए कहा है कि जिन व्यक्तियों ने अभी तक लाइसेंस नवीनीकरण नहीं कराए हैं वे तुरंत नवीनीकरण कर लें।इसके अलावा जिस व्यक्ति का अभी भी लाइसेंस नहीं बना है वह तुरंत बनवा ले, नहीं तो जांच में पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाएंगी। यह अपील सभी दुकानदारों पर लागू होती है जो खाने पीने की समान रखते हैं।इस गर्मी के मौसम में सभी दुकानदारों से यह अपील किया गया है की खाने पीने की सामानों को वासी ना बेचे, ताजा सामान बेचे और सामानों को ढककर रखें और सुरक्षित रखें तब बेचे।जो व्यक्ति खाने पीने वाले सामान को ढककर नहीं रखता है तो उसके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। इस भीषण गर्मी में शुद्ध पेयजल लगातार पिए।गर्मी इतना है की इसका इलाज एकमात्र शुद्ध पानी है।पानी को लगातार पीजिए,अगर कोई दिक्कत परेशानी हो तो तुरंत डॉक्टर से अवश्य सलाह लीजिए। कहा कि खाने पीने वाले सामानों में लाल रंग का उपयोग कम से कम करें, जो मानक के अनुसार अच्छी कंपनी का हो उसी रंग का ही उपयोग करें, ताकि शरीर में कोई बीमारी उत्पन्न ना हो। इस सहयोग में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश राय के साथ सभी तहसीलों में खाद्य सुरक्षा अधिकारी तैनात है।कहा कि सभी दुकानदार मुख्य खाद्य सुरक्षाअधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी दुकान पर जाने पर सही ढंग से व्यवहार करें, कार्रवाई करने में बाधा उत्पन्न ना करें।

# मोबाइल लुटने के बाद लुटेरों ने किया जानलेवा हमला, पीड़ति ट्रामा सेंटर में

लोक तंत्र की आवाज



रत्ना शुक्ला

**वाराणसी।** पुलिस लाख कोशिश कर रही अपराधियों व चोरो पर नके़ल कसने की बावजूद मोबाइल लूट की घटना आए दिन बढ़ती जा रही है अब तक मोबाइल लुटेरे आपके हाथ से बात करते हुए मोबाइल छीन कर भाग जाते थे परंतु अब मोबाइल लूटने के लिए आपके ऊपर जानलेवा हमला कर रहे हैं। ताजा मामला कैंट थाना क्षेत्र के वीआईपी मूवमेंट वाले इलाके का है। पीड़ति द्वारा बताया गया कि शुक्रवार रात लगभग 11:30 बजे कैंटोनमेंट ताज होटल के ठीक सामने तिराहे पर अर्दली बाजार निवासी अब्दुल्ला नामक व्यक्ति स्टेशन से अपने घर जा रहा था रास्ते मे तिराहे के पास पहुंचते ही अज्ञात व्यक्ति ने उसके ऊपर ईट से जोरदार हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर रोड पर गिर गया और तड़पने लगा इस दौरान हमलावर ने उसका मोबाइल और उसका पर्स उसकी जेब से निकालकर नदेसर की ओर भागने लगा जिसे लोगों ने दौड़ाया परंतु वह किसी के हाथ नहीं आया और भागने में सफल रहा। घायल अब्दुल्ला को लोगों ने ट्रामा सेंटर बी एच यू में भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना नदेसर पुलिस चौकी व पीकेट से चंद कदम की दूरी पर घाटी है जिससे कि लुटेरे व हमलावरों ने पुलिस के लिए चुनौती रख दी है इस संदर्भ में घायल के भाई मोहम्मद बसर ने हल्का थाना कैंट में अज्ञात हमलावर के खिलाफ लिखित तहरीर दी है।

# एलईडी लाईट के नाम पर जिमेदारो को मिली छुट तो ग्राम सभा मे पड़ी लूट

लोकतंत्र की आवाज़



**महराजगंज ।** उत्तर प्रदेश सरकार विकास को लेकर ग्राम सभाओं कि ओर रुख अपना रही है तो ग्राम सभा के जिम्मेदार विकास के नाम पर मिली छूट का दुरुपयोग करके अपने जेब भरने में लग गए हैं यही कारण है कि आज विकास के नाम लाखों रुपया का घोटाला हर ग्राम सभा में चल रहा है ऐसा ही एक मामला मिठौरा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सभा बडहरामीर में देखने को मिला है जो 78 विद्युत खंभे पर स्ट्रीट लाइट के नाम पर लाखों रुपया निकालकर जिम्मेदारों ने सरकार की खजाने को खाली करने का मन बना लिया जो विद्युत खंभे पर एलईडी स्ट्रीट लाइट की कीमत ब्रांड कंपनियों के दामो से अधिक मूल्य पर इलेकट्रिक दुकान से फर्जी बिल मना कर सरकारी धन को लूटने का काम किया गया है जो वर्तमान में ग्राम सभा में लगे विद्युत खंभे पर लगे एलईडी स्ट्रीट लाइट को देख कर ही बताया जा सकता है

प्राप्त जानकारी के अनुसार मिठौरा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम सभा बडहरामीर में स्थित 78 विद्युत खंभे पर लगे एलईडी स्ट्रीट लाइट से जिमेदार ग्राम सभा में विकास कराने का दावा ठोक रहे है वही ग्राम सभा के युवा वर्ग विकास के नाम पर मिली छूट का दुरुपयोग करके ग्राम सभा के जिमेदारो पर अपने जेब भरने का आरोप लगा रहे है ग्राम सभा मे 78 विद्युत खंभे पर लगे एलईडी स्ट्रीट लाइट का भुगतान 27 मार्च 2024 को 2 लाख 97हजार 970 रुपये का पन्द्रहवा राज्य वित्त योजना के तहत वाउचर संख्या एस वी एफ सी /23 –24 /पी से किया गया है जो प्रत्येक एलईडी स्ट्रीट लाइट की कीमत 3 हजार 8 सौ 20 ? लगभग के दर से मे० विजय लक्ष्मी इन्टर प्राइजेज के नाम से भुगतान हुआ हैवही दुसरी तरफ ग्राम सभा के चुनिन्दा विद्युत खंभे पर एलईडी स्ट्रीट लाइट लगे हुए है जो इस भुगतान का चर्चा जोर शोर पर ग्राम सभा मे चल रहा है जिसको लेकर तरह तरह के सवाल युवा वर्ग उठा रहा है युवाओ का कहना है कि इलेकट्रिक & इलेक्ट्रानिक क्षेत्र की ब्राण्ड कम्पनी ,बजाज , फिलिप्स ,ऐकर, ओरियटल ,सहित अन्य विद्युत खंभे पर एलईडी स्ट्रिट लाइट की किमत ब्राण्ड कम्पनीयो के हिसाब से लगभग 600 से 1200 रूपये प्रति पीस पड़ जायेगा लेकिन ग्राम सभा के जिमेदारो ने एलईडी लाईट पर 2 लाख 97हजार से ऊपर का पेमेन्ट कराकर अपने जेब भर रहे हैं वही ग्राम सभा में हाल मे लगे एलईडी लाईट जगह जगह अंधेरे देने का कार्य कर रही है जो ग्राम सभा के कोटई माई के स्थान पर दुसरी तरफ अनिल के दरवाजे के सामने तिसरे ओर भोलु के दरवाजे के सामने और मुबारक के घर के सामने लगे एलईडी लाईट खराब हो गयो जिसको लेकर बडहरामीर के ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना हुआ है इस विषय पर ग्रामीणों में बाके निषाद ,अनिल , भोलु ,मुबारक ,सोनु ,शैलेश ,जितेन्द्र आदि ने जिलाधिकारी से जॉच कराकर कार्यवाही की मॉग कियेइस सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी राहूल सागर ने कहा कि जॉच कराकर कार्यवाही किया जाये ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सड़क दुर्घटना में युवती की मौत, परिवार का रो कर बुरा हाल

केदार नाथ पाण्डेय



पीरपैंती। एन एच 80 पर अनादीपुर मोड़ के निकट 17 वर्षीय अवंतिका कुमारी पिता रविंद्र कुमार यादव का ट्रक के चपेट मे आ गयी। अवंतिका कुमारी का घटना स्थल पर ही निधन हो गयी। ट्रक एन एच 80 पर पानी छिड़काव कर रहा था। मृतक का परिवार को जैसे पता चला धटना स्थल पर पहुँचा परिजनों का रो-रो कर बेहाल है। परिवार के लोगो ने सडक जाम कर दिया। सूचना पाकर स्थानीय विधायक पवन यादव, प्रवीण कुमार राणा, पवन कुमार भारती जनार्दन आजाद, संजीव कुमार, मुखिया ललिता देवी घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों पक्ष से वर्ता कर जाम को हटाया गया। एनएच 80 निर्माण कम्पनी मालिक से सहायता राशि देने का अनुरोध कर बॉडी को पोस्टमार्टम में भेजा गया। यह घटना संध्या 3:30 बजे की है लड़की तथा लड़की का भाई गाड़ी पकड़वाने के लिए कहलगांव की ओर आ रहे थे । संजोग उनके भाई का जोइनिंग आज ही था इसलिए घटनास्थल से उनका भाई छोटा चला गया।

### मतदान के बाद चौक चौराहे पर जीत हार का आंकड़ा चर्चा में

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। लोकसभा का चुनाव संपन्न हो जाने के बाद चौक चौराहे पर उम्मीदवार के समर्थकों के बीच अब हार जीत का आंकड़ा लगना शुरू हो गया है। पूरे प्रखंड में चाय पान के दुकानों पर दिन भर लोग जीत और हर का आंकड़ा लगाते हुए नजर आए। सभी के जीत के अपने अलग-अलग दावे थे। हार मानने को को तैयार नहीं है, जबकि आम जनता का मत, मतपेटी में सुरक्षित हो चुका है ।सभी दलों के समर्थक खाता उत्साह में है। कुछ समर्थ तो अपने उम्मीदवार की जीत की हार्दिक बधाई भी देना शुरू कर दिए हैं। कौन हारेगा कौन जीतेगा इसका फैसला तो आने वाला 4 तारीख को ही होगा।

### मौसम के बदले मिजाज से आमजन बेहाल



केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। जोरदार पछुआ हवा ,लू के असर से प्रखंड सहित जिलों के लोग परेशान नजर आ रहे हैं। दिनभर चौक चौराहे सुना नजर आता है। सड़कों पर वाहनों की संख्या भी बहुत कम हो गई है। मजदूरी करने वाले लोग भी काफी परेशान हैं ।काम नहीं मिल पा रहा है। जिस कारण उनके सामने भरण पोषण की मुसीबत समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग काफी परेशान नजर आ रहे हैं। अप्रैल महीने में मौसम का तापमान इतना अधिक होना किसी के समझ से परे है। इसे लोग प्राकृतिक का प्रकोप मांग रहे हैं। दिन भर लोग घरों में डूबके रहते हैं।

# तरैया : इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह का तरैया में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

लोकतंत्र की आवाज

**जारी मेनिफेस्टो को पढ़िए इस मेनिफेस्टो में सभी लोगों के हित को देखते हुए इसे तैयार किया**



तरैया (सारण)। पटना से तरैया होते हुए महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण करने जाने के क्रम में शुक्रवार को तरैया-मसरख मोड़ पर इंडिया गठबंधन से महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इंडिया गठबंधन के नेता व कार्यकर्ताओं के द्वारा फुल-माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर देकर उनका स्वागत किया गया। स्वागत करते समय इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं में काफी जोश और उत्साह देखा गया। इस क्रम में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी मेनिफेस्टो को पढ़िए इस मेनिफेस्टो में सभी लोगों के हित को देखते हुए इसे तैयार किया गया है। इससे महिलाओं से लेकर बेरोजगार युवाओं के साथ-साथ आम जनता को काफी सुविधा प्रदान करने का भरोसा दिया गया है ।जब केन्द्र में राहुल गांधी जी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगा तो सभी सुविधा को लागू किया जाएगा। उन्होंने ने यह भी कहा कि महाराजगंज लोकसभा सीट ही नहीं बल्कि बिहार प्रदेश के सभी लोकसभा सीट इंडिया गठबंधन जितेगा। मौके पर तरैया के पूर्व विधायक मुंद्रिका प्रसाद यादव, राजद अध्यक्ष तारकेश्वर राय, तरैया प्रमुख प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह विक्कू, इसुआपुर प्रमुख मितेन्द्र राय, मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश यादव, वीर बहादुर राय, अजय राय, बीडीसी प्रतिनिधि मुन्ना यादव, विजय यादव, अखिलेश कुमार यादव, रवि कुमार राय, नीरज कुमार सिंह, समेत इंडिया गठबंधन के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## दस झेल रहे हैं कृषि विज वितरण लेप्स सरकारी अधिकारी मौन



लोकतंत्र की आवाज

बरहरवा प्रखंड स्थित मिर्जापुर पंचायत भवन के पास कृषि बीज वितरण गोदाम 2013 से लेकर 24 तक सालों से जैसा का तैसा ही बंद पड़े हैं यह गोदाम कृषि सहकारिता विभाग की ओर से बनाए गए हैं जब इस संबंध में विभागीय अधिकारी को पूछा गया तो अधिकारी ने बताया कि हम तो नहीं जानते हैं कि वह हर दिन बन पड़े रहते हैं अगर ऐसा है तो आवश्यक जांच की जाएगी कृषि गोदाम के सचिव अख्तर हुसैन से जब पूछा गया तो उसने बताया कि सरकार की ओर से कोई भी या कोई सरकारी कृषि बीच एवं आवश्यक चीज हमें प्राप्त नहीं होते हैं इसीलिए उसे बंद ही रखते हैं और और सालों से कृषि गोदाम का कोई मरम्मती का काम भी नही की गई नहीं रंग रंगई व प्लास्टर किया गया है। बताते चले की ना तो इस क्षेत्र के किसान को इसका कोई लाभ मिला है ना कोई कृषि बीज वितरण होता है ना किसी प्रकार का कोई जांच होता है ना ही कोई भी किसानों को सहयोग मिलते हैं। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजनाओं का दुरुपयोग करके सरकार की राजस्व की बर्बादी हो रहा है अख्तर ,शेख को कृषि लैंप्स वितरण प्रणाली गोदाम का सचिव रखा गया है फिर भी वह एक दिन तक दफ्तर में नहीं आता है बैठ बैठ के सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का फ्री में लाभ ले रहा है किसान का कहना है कि हमें खेत में कौन सा फसल का पैदावार अच्छा होगा या कौन सा कीटनाशक देने से फसल की पैदावार अच्छी होगी व कीटों से बचे रहेंगे या कैसे हमारे फसल का पैदावार ज्यादा हो यह हमे कोई प्रशिक्षण नहीं दिया जा रहा है नहीं बताया जाता है जिससे हमारे खेतों में फसल की पैदावार काम होते दिख रहे हैं । झारखंड सरकार किसानों के ऊपर सबसे मुख्य भूमिका रखे हैं किसान का हक मार कर अपना पेट भर रहे हैं।एवं किसान को गेहूं बीज ,जोव , मक्का, मोटर , धन, आदि आवश्यक कृषि बीज हर महीने मुहैया कराया जाता है लेकिन मिर्जापुर के किसानों तक नहीं पहुंच पाता है किसानो ने कहा कि हम लोगों को अपने हक से वंचित रखते हैं ।मौके पर उपस्थित साकिर ,शेख आनंद , कुमार मंगल किस्कू ताजदार आलम बैदुल सेख सैईदुल सेख राजेन मंडल इब्राहिम शेख इस्माइल सेख आदि किसान मौजूद थे।

# बरहरवा : इंडिया गठबंधन दलों के कार्यकर्ताओं जिला स्तरीय बैठक सांसद विजय हसदा के निजी चौथल में जिला अध्यक्ष बरकत खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

बरहरवा लोकसभा सीट जीतने के लिए महागठबंधन के प्रत्याशी और नेताओं ने देर शाम तक मंथन किया और रणनीति बनायी।जेएमएम प्रत्याशी विजय कुमार हंसदा के बरहरवा स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित महागठबंधन की बैठक में झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम शामिल हुए।इस दौरान गठबंधन के सभी दलों के नेता मौजूद रहे।बैठक में लोकसभा आम चुनाव जीतने के दावे किये गये।नेताओं ने कई सुझाव भी दिये जिस पर काम करने की बात कही गयी।राजमहल से जेएमएम प्रत्याशी विजय कुमार हंसदा ने कहा कि महागठबंधन की पार्टी राजमहल लोकसभा सीट पर जीत हासिल करने जा रही है। झूठे वादे कर जिस तरह से लोगों को ठगा गया है, उसके खिलाफ लोग वोट करेंगे।उन्होंने कहा कि अब राम के नाम पर वोट नहीं मिलेगा क्योंकि मुख्य मुद्दा बेरोजगारी और महंगाई है। मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि आई टी आई इंडिया गठबंधन जो बना है उनकी सरकार आती है तो आज जो इतना महंगाई बेरोजगारी बड़ी हुई है इस पर अंकुश लगेगी इसलिए हम लोग बहुत ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यकर्ता राजमहल विधानसभा क्षेत्र के सांसद विजय हसदा को भारी मतों से जीत दिलाना हम लोग का पहली

**बैठक में ग्रामीण विकास मंत्री सह विधायक दल के नेता माननीय आलमगीर आलम साहब भी पहुंचे**





प्राथमिकता होगा और बिना भेदभाव के जम के वोट देना है और जीत हासिल करवाना है इस मौके पर मोहम्मद नसरुद्दीन मोहम्मद गुलाब रब्बानी अब्दुल कादिर अशोक दास निहाल कुमार नित्य सरकार इस्तेखार आलम मोहम्मद नावेद अंजुम सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे

## बनियापुर में कांग्रेस भवन आकाश सिंह का भव्य स्वागत

लोकतंत्र की आवाज



बनियापुर । बनियापुर में इंडिया गठबंधन के तरफ से महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी आकाश सिंह का गाजे बाजे के साथ किया गया भव्य स्वागत। महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी कौन होगा इसको लेकर लंबे समय से इंतजार था। उसके बाद कांग्रेस ने महाराजा लोकसभा क्षेत्र से आकाश कुमार का नाम जारी कर दिया। तो लोगों में आकाश कुमार से मिलने को लेकर काफी उत्सुकता देखा जा रहा था। शनिवार को महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में महाराजगंज लोकसभा के प्रत्याशी आकाश कुमार ने दौरा किया और लोगों का आशीर्वाद मिला। वहीं बनियापुर में इंडिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर आकाश कुमार का कांग्रेस भवन पर स्वागत किया। तथा चुनाव को लेकर मजबूती से लड़ने का निर्णय लिया गया मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता परशुराम त्रिपाठी विधायक सत्येंद्र यादव मिथिलेश राय मुखिया अरुण चौबे शैतान राय बीडीसी प्रतिनिधि चंद्रशेखर पांडे गुड्डू ओझा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीओ ने किया विभिन्न चेक पोस्ट व एसएसटी पॉइंट का औचक निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश

लोकतंत्र की आवाज



छपरा (ई. के. के. सिंह सेंगर)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान फ्लाइंग एसटेटिक टीम/उड़नदस्ता (एफएसटी) के नोडल पदाधिकारी सह एकमा अंचलाधिकारी राहुल शंकर ने प्रखंड क्षेत्र के एकमा व रसूलपुर थाना इलाकों के विभिन्न स्थानों पर संचालित चेकपोस्ट व सर्विलांस पॉइंट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीओ राहुल शंकर ने रसूलपुर थाना क्षेत्र में बलिया मोड़ चेकपोस्ट, नेशनल हाईवे 531 पर स्थित चपरैठा चेकपोस्ट, एकमा थाना क्षेत्र में स्थित एकमा चट्टी एसएसटी पॉइंट, नौतन एसएसटी पॉइंट सहित एकमा स्थित सभी चेकपोस्ट व सर्विलांस पॉइंट का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि शांति एवं भयमुक्त वातावरण में लोकसभा चुनाव क्षेत्र में संपन्न कराया जाएगा। वहीं इसमें किसी तरह की गड़बड़ी पर वैधानिक कार्रवाई होगी। उन्होंने चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस कर्मियों को सभी वाहनों की जांच करने व वाहन जांच पंजी का सही ढ़ंग से संधारण करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल के वाहन जांच पंजी की जांच की। साथ ही उन्हें चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि छोटे-बड़े सभी वाहनों की सघन जांच करें। अगर कोई आपत्ति जनक सामग्री व राशि पाई जाती है, तो जब्ती की कार्रवाई करते हुए अविलंब कार्रवाई करते हुए वाहन जब्त करें। उल्लेखनीय है कि लोकसभा आम चुनाव 2024 हेतु नामांकन शुरू हो गया है। वहीं मतदान की तिथि नजदीक आने के साथ ही विभिन्न चौक-चौराहों के चेकपोस्ट पर तैनात मजिस्ट्रेट व पुलिस बल द्वारा छोटे-बड़े वाहनों की जांच तेज कर दी गई है।

## कई कांडों में वांछित दो अपराधकर्मी, हथियार के साथ गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



बरहड़वा झारखण्ड के साहिबगंज जिले के जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र से पुलिस ने कई कांडो में वांछित दो अपराधकर्मी को एक देशी कट्टा व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।मामले में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के निरापाड़ा ग्राम में दो कुख्यात अपराधी रंगदारी की फिराक में है।सूचना के सत्यापन हेतु जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन कर छापेमारी कर जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के चानन ग्राम निवासी बबलू मंडल पिता सतीश चंद्र मंडल 30 वर्षीय व पप्पू मंडल पिता किशन मंडल 36 बर्षीय को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।एसडीपीओ ने आगे बताया कि गिरफ्तार बबलू मंडल के खिलाफ पूर्व से 5 संगीन मामले दर्ज है, व पप्पू मंडल के खिलाफ़ पूर्व से कुल 8 संगीन मामले दर्ज है।

## पशु चिकित्सक के पुत्र अनुराग पराशर ने जेईई मेंस परीक्षा में 99.238 स्कोर लाकर लहराया सफलता का परचम

लोकतंत्र की आवाज



छपरा (प्रो अजीत कुमार सिंह)। जेई मेन परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। इसमें छपरा शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने अपने कठिन परिश्रम के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता का परचम लहराया है। इसी क्रम में सारण जिले के एकमा प्रखंड के परसागढ़ हरिहरपुर गांव निवासी पशु चिकित्सक अरविन्द कुमार राय और रानी देवी के पुत्र अनुराग पराशर ने जेई मेन परीक्षा में 99.238 स्कोर हासिल कर सफलता का परचम लहाराया है। अनुराग की इस सफलता पर घर-परिवार में खुशी का माहौल है। अनुराग ने पांचवी तक की पढ़ाई छपरा शहर के दून सेंट्रल स्कूल से की है। उसके आगे की पढ़ाई हरियाणा के गुरूकुल करूक्षेत्र से की है। अब अनुराग ने जेई मेन की परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने गांव सहित क्षेत्र का मान-सम्मान बढ़ाया है। उसने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरूजनों को दिया है। अनुराग पाराशर की इस सफलता पर राष्ट्रीय एथलीट विकास सिंह राठौर, तनुजा सिंह, जन सुराज अभियान समिति के एकमा प्रखंड अध्यक्ष व पूर्व मुखिया ओमप्रकाश सिंह, फौजी अरविंद सिंह मुन्ना, जन सुराज के वरिष्ठ नेता ललित तिवारी, ब्रजेंद्र कुमार सिंह उर्फ मुन्ना भवानी, आलोक कुमार सिंह उर्फ काली, रतन सिंह, डॉ अमित तिवारी, शिक्षक नेता मनजीत कुमार तिवारी, शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह, अरविंद कुमार, सुमन प्रसाद कुशवाहा, अमरेंद्र कुमार सिंह, उपेंद्र कुमार यादव, राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ शशि भूषण शाही, शिक्षक कमल कुमार सिंह, संजय भारती, प्रधानाध्यापक कुमार रश्मि रंजन, दीपक कुमार राम, अरुण कुमार सिंह, उपेंद्र सिंह, शंकर नाथ आदि ने हार्दिक बधाई देते हुए श्री पाराशर के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा सेक्टर पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न

## मतदानकर्मियों का चयन रैंडम विधि से किया गया है पूरे जिले को 425 भाग में बांटा गया है




लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**

**मोतिहारी ।** सुगौली में ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा ने प्रखंड के सभागार में सेक्टर पदाधिकारी पुलिस पदाधिकारी सदर एसडीएम श्रेष्ठ अनुपम, रक्सौल, एसडीएम शिवाक्षी दीक्षित के साथ शनिवार की पूर्वाह्न बैठक की।बैठक में पश्चिमी चंपारण लोकसभा क्षेत्र के सुगौली,रक्सौल और नरकाटिया विधानसभा क्षेत्र के बीडीओ, सीओ, कार्यपालक पदाधिकारी,पुलिस निरीक्षक और थानाध्यक्ष सहित अन्य कर्मी शामिल रहे। जहा डीएम सौरभ जोरवाल और एसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने उपस्थित कर्मियों को संबोधित किया और बताया कि आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को शान्तिपूर्वक? निष्पक्ष एवं स्वतंत्र वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बैठक किया गया है। डीएम ने विधानसभा क्षेत्र में तैनात किए गए सेक्टर पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए सभी गाइड लाइन का पालन करना है।चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर योग्य और अनुभवी कर्मियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा सेक्टर पदाधिकारी बनाया गया है। बाकी मतदानकर्मियों का चयन रैंडम विधि से किया गया है। पूरे जिले को 425 भाग में बांटा गया है।जिसके द्वारा चुनाव प्रबंधन किया जाएगा।जिसकी पूरी जिम्मेवारी सेक्टर पदाधिकारियों पर होगी। उनके साथ समकक्ष पुलिस पदाधिकारी भी रहेंगे।जो 4 से 9 मई तक सभी बूथों का वेरिफिकेशन कर लेंगे। 9 से 17 मई तक प्रशिक्षण कार्य चलेगा। 16 मई तक वाहन और फोर्स की व्यवस्था पूरी कर लेनी है।18 मई को अपना मतदान कर लेंगे। उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर पेंटिंग करा कर बूथ का नाम, बूथ नम्बर, मोबाइल नम्बर सहित अन्य आवश्यक बातें अंकित करा लेना है। पी-1 को दो-दो ईवीएम दिया जाएगा। सेक्टर पदाधिकारी और सुरक्षा बलों के लिए सभी सुविधा की व्यवस्था वेंडर के द्वारा किया जायेगा।मतदान केंद्र पर 400 वर्ग मीटर का शेड लगेगा, पोलिंग पार्टी के लिए व्यवस्था कराना है। सभी विधानसभा में सुरक्षा बलों, पुलिस के जवानों के लिए निर्धारित ठहराव स्थल पर रहने, भोजन बनाने के लिए कुक, पानी का मटका, बीछावन, छोटा और बड़ा जेनरेटर, पंखा, 10-10 शौचालय सहित दो-दो सफाई कर्मी की व्यवस्था और मेडिकल टीम की व्यवस्था रहेगी। निंम्बू, ग्लूकोज सत्तू की व्यवस्था रहेगी। आवश्यकतानुसार पीएचईडी के द्वारा चापाकल और बोरिंग की व्यवस्था की जाएगी।डीएम ने सेक्टर पदाधिकारियों को निर्देश दिया की क्षेत्र के बूथों के आसपास के लोगों से मिल कर उनकी समस्या सुने और उसका समाधान करें।किसी व्यक्ति या संस्था के द्वारा मतदाताओं को रुपये का लालच, भोज और डरा-धमका कर वोट को प्रभावित नही करने दिया जाएगा।हर हाल में चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए मतदान स्वतंत्र, निर्भीक और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराना है। बैठक में सुगौली बीडीओ तेज प्रताप त्यागी, नप कार्यपालक पदाधिकारी अजय कुमार, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी प्रियरंजन रक्सौल, रामगढ़वा, आदापुर, छौड़ादानों के बीडीओ, एसडीपीओ, पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।


### नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया




क्षितिज राज

47 वीं वाहिनी स.सी.ब रक्सौल बिहार के द्वारा शिकारपुर पंचायत ग्राम खाप परसा पश्चिमी चम्पारण के राजकीय माध्यामिक विद्यालय परसा में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन दिनांक – 27/04/2024 को किया गया इस अवसर पर डा० प्रतीक रंजन जी डी एम ओ 47 वीं वाहिनी, स०सी०ब० रक्सौल के द्वारा ग्राम वासियों का चिकित्सकीय परीक्षण किया गया एवं ग्रामीणों को निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया साथ ही बी समवाय प्रभारी उत्तम कुमार घोष सहायक कमांडेंट 47 वीं वाहिनी की उपस्थिति में ग्रामीणों के मध्य बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम एवं नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष राकेश सिंह, मिडिया कर्मी, अन्य कार्मिक और ग्रामीण आदि उपस्थित रहे।

### बुजुर्ग महिला के दुःख की घड़ी में मदद के लिए सामने आएं प्रतीक ई. शर्मा



क्षितिज राज

बेतिया । नगर के छावनी निवासी एक बुजुर्ग महिला को बीमार और लाचार स्थिति में देखकर, छात्र और समाजसेवी कुश कश्यप ने काफी निराश होकर उनकी स्थिति का पता लगाया। उन्होंने यह जानकारी पाया की बुजुर्ग महिला बीते कई दिनों से बुरी तरह से अस्वस्थ है, 2 बार उन्हें लकवा मार चुका है, और उन्हें व्हीलचेयर की काफी आवश्यकता है, किंतु उनकी परिवार की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है, जिस वजह से वो ऐसे ही जीवन गुजारने पर मजबूर हैं। उनकी यह स्थिति देखते हुए कुश कश्यप काफी भावुक हुए और उन्हे व्हीलचेयर दिलाने का आश्वासन दिया, कुश कश्यप ने यह जानकारी भाजपा के युवा नेता और समाजसेवी प्रतीक ई. शर्मा को दी। जानकारी मिलते ही प्रतीक ई. शर्मा ने 3 दिनों के अंदर अपने निजी कोश से पटना से व्हीलचेयर मंगाया और आज उनके परिजनों को दिया। प्रतीक ई. शर्मा ने बताया कि उन्हें एक जरूरतमंद बुजुर्ग महिला की सहायता करने में काफी सुकून मिला, साथ ही कुश कश्यप भी काफी प्रसन्न थे कि उनके कहने पर प्रतीक ई. शर्मा ने बुजुर्ग महिला की सहायता की।

### अचानक लगी आग से लालबाबू यादव का घर जल कर राख



गौनाहा / प्रखंड के स्थानीय पंचायत के सिंगलवा टोला वार्ड संख्या 3 में शुक्रवार की रात में अचानक लगी आग से लालबाबू यादव का घर जलकर राख हो गया है। आग लगने से सभी सामान जलकर राख हो गया है। अग्नि पीड़ित लालबाबू यादव ने बताया कि मैं मैनाटांड प्रखंड के एक फार्म हाउस में सिपाही का काम करता हूं। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना मुझे मोबाइल पर दी गई। मेरे घर पर उस समय कोई नहीं था। जब मैं अपने घर पहुंचा तो देखा कि घर सहित सभी सामान जलकर राख हो गया है। आग लगने से हजारों की संपत्ति राख हो गई है। मुखिया अंतिमा देवी ने आग लगने से लालबाबू यादव के घर को जलने की पुष्टि की है। लालबाबू यादव ने बताया कि मेरे घर में आग लगाई गई है, जिससे मेरा सभी सामान जलकर राख हो गया है। अग्निपीड़ित व्यक्ति ने इस संबंध में थाने में आवेदन दी है। इधर सीओ विवेक कुमार सिंह का कहना है कि घटनास्थल पर राजस्व कर्मचारी को भेज कर मामले की जांच कराई जाएगी।

# मटियरिया पंचायत– घटिया निर्माण का नमूना बना कचरा भवन निर्माण हल्का हवा के झोंका से उड़ा कचरा भवन का छप्पर




लोकतंत्र की आवाज

**गौनाहा /** मटियारिया पंचायत के शेरवा मस्जिद गांव के उत्तर सरेह में करीब 10 लख रुपए के लागत से बना कचरा निष्पादन घर बनने के साथ ही उसका छप्पर उड़ने लगा।स्थानीय लोगों ने बताया कि कचरा भवन निर्माण में सरकारी राशि का दुरूपयोग हुआ है। विगत कई महीनो से बना कचरा भवन के मुख्य दरवाजे पर ताला लटका हुआ है। सरकार के द्वारा कचरा भवन का जो उद्देश्य है वह उद्देश्य कोसों दूर है। अभी तक उस भवन का उद्घाटन भी नहीं हो पाया है। उससे पहले ही कचरा भवन का छप्पर हल्की हवा में उसका कुछ हिस्सा उड़ गया है।उसके इर्द-गिर्द कहीं कचरा भी नहीं दिखाई देता है।मटियरिया पंचायत के लोग इसे सरकारी राशि का दुरुपयोग बताते हैं मटियरिया पंचायत के पंचायत सचिव सनी कुमार बताते हैं कि इस योजना में 7 लाख से अधिक राशि का उपयोग किया गया है। मुखिया दिवाकर पटवारी ने बताया कि छप्पर का जो हिस्सा उड़ गया है उसे दुरुस्त करा लिया जाएगा। जबकि प्रखंड विकास पदाधिकारी शिव जन्म राम बताते हैं कि स्थल जांच किया गया है जल्दी उसे दुरुस्त कर लिया जाएगा। तकनीकी सहायक विद्यानंद रवि से इस संबंध में पूछने हेतु मोबाइल पर संपर्क स्थापित करने का प्रयास किया गया परंतु उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

# मोतिहारीः कोटवा में संदिग्ध स्थिति में किशोरी की मौत, नहर के साइफन में मिला शव



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**

**पूर्वी चम्पारण, ।** कोटवा थाना क्षेत्र के सिहोरवा स्थित तिरहुत मुख्य नहर के सायफन में पुलिस ने शनिवार को एक किशोरी का शव बरामद किया है। शव बरामद होने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृत किशोरी की पहचान कररिया गांव के योगेंद्र राम की पुत्री 14 वर्षीय निक्की कुमारी के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार मृतक तीन दिन पहले ही घर से गायब हो गई थी।परिजनों ने गायब होने को लेकर पुलिस को कोई सूचना नही दी थी। परिजनों ने बताया वे खोज-बीन अपने स्तर से कर रहे थे। लोक – लाज के चलते पुलिस को सूचना नहीं दी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक के चेहरे और अन्य जगह जलने और पिटाई के निशान हैं। थानाध्यक्ष राज रूप राय ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# अजय निषाद को जिताने के लिए इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने लिया संकल्प इंडिया गठबंधन की बैठक में बनी चुनाव की रणनीति, हर वार्ड में चलेगा जनसंपर्क

लोकतंत्र की आवाज



**दीपक कुमार**

**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की ओर से अजय निषाद को कांग्रेस का उम्मीदवार घोषित किए जाने का गठबंधन के सभी दलों ने स्वागत किया है और इस चुनाव में उन्हें भारी बहुमत से जिताने का संकल्प लिया है।शनिवार को सुबह मुजफ्फरपुर में आयोजित गठबंधन के सभी पार्टियों के जिलाध्यक्षों की संयुक्त बैठक में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार अजय निषाद का सभी जिलाध्यक्षों ने स्वागत किया और बधाई दी। सभी घटक दल के जिलाध्यक्ष का एकस्वर में कहना था कि एनडीए और भाजपा की गरीब विरोधी व विभाजनकारी नीतियों वाली सरकार को परास्त करने के लिए मुजफ्फरपुर से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार अजय निषाद को एकजुट होकर जिताना ही होगा। सभी जिलाध्यक्षों ने कहा कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ता तन-मन-धन से इस चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार अजय निषाद के पक्ष में काम कर रहे हैं। बैठक में कांग्रेस के मुजफ्फरपुर जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल के अलावा इंडिया गठबंधन के अन्य सहयोगी दलों राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जिलाध्यक्ष रमेश गुप्ता, सीपीआई एमएल के जिला सचिव व राज्य समिति के सदस्य कृष्ण मोहन, सीपीआई के राज्य सचिव अजय सिंह, सीपीएम के जिला सचिव मो. गफ्फार, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के जिलाध्यक्ष महावीर सहनी, आम आदमी पार्टी के वरीय नेता डा हेमनारायण विश्वकर्मा व संजय सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# मोतिहारीः पुलिस ने दो टैंकरों पर लदे 60 हजार लीटर स्प्रिट और 1 किलो चरस के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**

**मोतिहारी ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चला रखा है। शराब कारोबारी एवं माफिया पर एक बार फिर मोतिहारी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मोतिहारी पुलिस ने दो टैंकरों पर लदे 60 हजार लीटर स्प्रिट और 1 किलो चरस के साथ तस्कर माफिया राजेश सिंह को गिरफ्तार किया है. बरामद स्प्रिट एवं अन्य सामानों की कीमत करोड़ों रुपये बताई जा रही है. गिरफ्तार राजेश सिंह अवैध स्प्रिट का बड़ा माफिया बताया जा रहा है. पहले से भी उत्पाद अधिनियम के तहत मामले थाना में दर्ज हैं. मोतिहारी एसपी कांतेश कुमार मिश्र को गुप्त सूचना मिली थी कि भारी मात्रा में स्प्रिट पिपरा कोठी थाना क्षेत्र में आने वाला है. सदर अनुमंडल पांडेय के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया. टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई जिस पर यह बड़ी सफलता हाथ लगी है. सदर अनुमंडल पदाधिकारी जीतेश पांडे ने बताया कि पिपराकोठी थाना क्षेत्र के होटल के पास घेराबंदी कर दो टैंकर में रखे 60 हजार लिटर स्प्रिट और 1 किलो चरस बरामद किया. इस मामले में दो टैंकर, एक अर्बन क्रूजर कार के साथ राजेश सिंह नामक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया. विदित हो कि स्प्रिट का इस्तेमाल नकली शराब बनाने के लिए किया जाता है. अनुमंडल पुलिस अधिकारी जितेश पांडेय ने बताया, ह्यशराब माफियाओं के खिलाफ लगातार छापेमारी की जारी है. मुखबिर से सूचना मिली थी पिपरा कोठी थाना क्षेत्र में एक होटल के पास 60 हजार लीटर स्प्रिट लाया गया है. सूचना के सत्यापन के लिए वहां पर छापेमारी की गई. इस दौरान वहां पर दो टैंकर में रखे 60 हजार लिटर स्प्रिट बरामद हुई. होटल के पास एक कार खड़ी थी जिसमें से 1 किलो चरस बरामद किया. बरामद मादक पदार्थों की अनुमानित कीमत करोड़ों में है. एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया गया है।

# फर्जी मेल को लेकर प्राचार्य ने साइबर थाने में की शिकायत

लोकतंत्र की आवाज




**क्षितिज राज**

**बेतिया ।** बेतिया का नाम चिन्ह महाविद्यालय महारानी जानकी कुंवर में विगत चार-पांच दिनों से प्राचार्य के नाम से फर्जी मेल बनाकर किसी व्यक्ति द्वारा कॉलेज के कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं को गलत मैसेज भेज कर परेशान किया जा रहा है इस संबंध में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रोफेसर सुरेंद्र प्रसाद केसरी ने स्थानीय साइबर थाने में एक लिखित शिकायत कर जल्द से जल्द कार्यवाही की मांग की है वही इसकी जानकारी जिला पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी बेतिया, जिला पुलिस कप्तान बेतिया को भी सूचनार्थ किया है अब सवाल यह उठता है कि आखिरकार इस प्रकार की फर्जी मेल बनाकर कर्मचारी और छात्र-छात्राओं को मेल भेजने के पीछे क्या कारण हो सकता है ? कहीं ऐसा तो नहीं कॉलेज में पर्दे के पीछे कोई बड़ा राजनीतिक संयंत्र रचा जा रहा हो , बताते चले की वर्तमान प्राचार्य इसी साल सेवानिवृत्ति भी होने वाले हैं और इससे पूर्व में प्राचार्य की कुर्सी को लेकर हंगामा भी हुआ था । वहीं इसी कॉलेज में कार्यरत एक प्रोफेसर द्वारा एक छात्रा के साथ अश्लील हरकत का मामला भी सामने आया था जिस पर प्राचार्य ने कड़ा रूख अपनाया था और यूनिवर्सिटी की टीम इस मामले की जांच भी की थी । ऐसी स्थिति में अब देखना यह है कि जो फर्जी मेल बनाया गया है क्या कहीं इसी कड़ी से तो जुड़ा हुआ नहीं है । खैर मामला जो भी हो जांच बाद ही खुलासा हो पाएगा कि आखिर वह कौन है जो प्राचार्य एवं महाविद्यालय की छवि को धूमिल करने के पीछे लगा हुआ है । जहां कॉलेज के प्राचार्य की बात करें तो प्राचार्य के अथक प्रयास से विश्वविद्यालय का एक्सटेंशन सेंटर इसी वर्ष कॉलेज में स्थापित हुआ है जिससे प्राचार्य की छवि आम जनों में काफी लोकप्रिय हुई है साथ ही साथ महाविद्यालय की विधि व्यवस्था भी चुस्त दुरुस्त हुई है ।

# गौनाहा :गुजरात में मजदूर की हुई मौत से गांव में पसरा मातमी स्नाटा

लोकतंत्र की आवाज



**गौनाहा /** प्रखंड के भीतिहरवा पंचायत के बैरटवा गांव निवासी वार्ड नंबर 9 के मजदूर नरेश माझी (45) की मौत गुजरात के आभा नगर के केपुर गांव में हृदय गति रुक जाने के कारण 25 अप्रैल को हो गई। नरेश माझी अपने परिवार के भरण-पोषण हेतु गुजरात में मजदूरी करने गया था। वहां किसी कंपनी में मजदूर का काम करता था। 25 अप्रैल को शाम 5 बजे काम खत्म करने के बाद शौच के लिए गया था। वही वह मजदूर बेहोश होकर गिर पड़ा। आनन -फानन में मजदूरों ने नरेश मांझी को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना जब घर पहुंचा तो पूरे परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी शीला देवी दहाड़ मार कर रोने-चिल्लाने लगी। मृतक की दो बेटी उषा कुमारी व सरिता कुमारी है तथा एक 15 वर्षीय पुत्र पप्पू मांझी है। मृतक की पत्नी ने बताया कि मेरा पूरा परिवार ही उजड़ गया। मेरे बच्चे अब अनाथ हो गए। रोते हुए उनकी पत्नी शीला देवी ने बताया कि अब परिवार का भरण पोषण कैसे होगा। भीतिहरवा मुखिया मुन्नी देवी ने नरेश मांझी के मौत की पुष्टि की है। मुखिया ने बताया कि उक्त मजदूर की मौत 25 अप्रैल को हृदय गति रुक जाने के कारण हो गई है। मृतक के शव को अंतिम संस्कार हेतु एंबुलेंस से उसके गांव लाया जा रहा है। शव को 28 अप्रैल को शाम तक बैरटवा पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। सीओ विवेक कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी।

# मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों के ट्रांसफर सर्टिफिकेट पर सरकारी विद्यालयों में नामांकन में हो रही परेशानी से बच्चें और अभिभावक परेशान

लोकतंत्र की आवाज




**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**

**मोतिहारी ।** बिहार सरकार के शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत कक्षा आठवीं तक मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के द्वारा निर्गत ट्रांसफर प्रमाण पत्रों के आधार पर सरकारी विद्यालयों में नामांकन नहीं किए जाने से अभिभावकों तथा विशेष कर बच्चों के भविष्य पर प्रश्नवाचक चिन्ह लग रहा है, जिससे बच्चें और अभिभावक परेशान हैं।प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ऑफ़ टीचर्स वेलफेयर, पूर्वी चंपारण के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार रौशन ने बताया कि पिछले शैक्षणिक वर्ष 2023-24 तक सभी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के ट्रांसफर प्रमाण पत्रों के आधार पर बच्चों का नामांकन आसानी से सरकारी विद्यालयों में होता रहा है, इस वर्ष जिले के अधिकांश जगहों पर बच्चें और अभिभावक इस परेशानी का सामना कर रहे हैं। बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार सभी बच्चों को अपने पोषक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सरकारी विद्यालयों में ही नामांकन करना अनिवार्य किया गया है। बावजूद इसके कई सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक निजी विद्यालयों में पढ़ने वाले साधारण परिवार के बच्चें जो आर्थिक रूप से कमजोर है और आगे निजी विद्यालयों में नहीं पढ़ा सकते हैं, उनका नामांकन नहीं ले रहे हैं, कुछ जगहों पर पोषक क्षेत्र के अंतर्गत विद्यालय दूर है, और दूसरे पोषक क्षेत्र के विद्यालय समीप है, वैसे बच्चों का नामांकन कराने मे भी कई प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ रहा है, इसके लिए अभिभावक और बच्चे शिक्षा विभाग का चक्कर लगाते लगाते परेशान है।इस आलोक में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ऑफ टीचर्स वेलफेयर, पूर्वी चंपारण द्वारा एक पांच सदस्यीय कमिटी द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को 18 अप्रैल 2024 को एक आवेदन देकर अभिभावकों एवं बच्चों को हो रही परेशानी से अवगत कराया गया था, जिसके आलोक में शिक्षा पदाधिकारी ने शीघ्र ही समस्या का निष्पादन करने का आश्वासन दिया था। इस बाबत जिलाध्यक्ष संतोष रौशन ने बताया कि अभी तक जिला शिक्षा कार्यालय से कोई आदेश निर्गत नहीं हुआ है, जिससे अभिभावक एवं बच्चों में अपने भविष्य को लेकर मायूसी छाई हुई है। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ऑफ टीचर्स वेलफेयर, पूर्वी चंपारण ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से शीघ्र ही इस समस्या का निदान करने का अनुरोध किया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मौलाना आजाद यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित परीक्षा का ऑब्जर्वर ने किया निरीक्षण



**लोकतंत्र की आवाज**

**समस्तीपुर।** बाबा विश्वनाथ केदारनाथ विमला कॉलेज के प्रांगण में मौलाना आजाद यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन का परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है। परीक्षा के क्रम में यूनिवर्सिटी के ऑब्जर्वर मोहम्मद मतीन आज़मी ने परीक्षा केंद्र का जायजा लिया। बता दे कि मौलाना आजाद यूनिवर्सिटी से डिस्टेंस एजुकेशन लेने वाले लगभग 400 परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र बाबा विश्वनाथ केदारनाथ विमला कॉलेज रामपुर दुधपुरा समस्तीपुर में बनाया गया है। ऑब्जर्वर मोहम्मद मतीन आज़मी ने बताया कि स्नातक और स्नातकोत्तर के सभी विषयों का 15 अप्रैल से विश्वविद्यालय के द्वारा परीक्षा आयोजित की गई है। यह परीक्षा 5 मई तक चलेगी। सभी क्लास रूम की निगरानी लगातार की जा रही है। इस मौके पर कॉलेज के सचिव अश्वनी कुमार उप केंद्राधीक्षक कुमार रंजीत सहित वीक्षक आदि कर्मी मौजूद थे।

### जनता दरबार में पांच मामलों का निष्पादन



**लोकतंत्र की आवाज**

**राजेश कुमार सिन्हा, रजौली।** थाना परिसर में शनिवार को सीओ मो गुफरान मजहरी एवं थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। थाने में लगाए गए जनता दरबार में थाना क्षेत्र के धमनी,लेंगुरा,अमावां एवं रजौली पंचायत से आये कुल पांच मामलों का निष्पादन किया गया। सीओ ने बताया कि पुलिस व प्रशासन की संयुक्त अध्यक्षता में प्रत्येक शनिवार को थाना परिसर में भूमि विवाद निवारण सह शनिवारीय बैठक का आयोजन किया जाता है।जिसमें रैयती जमीन से सम्बंधित विवादों का निपटारा ऑन द स्पॉट किया जाता है। सीओ ने कहा कि पांच मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया।वहीं तीन मामलों में द्वितीय पक्ष के अनुपस्थित रहने के कारण उन्हें नोटिस किया गया है।जिसका निपटारा अगले शनिवार को लगने वाले जनता दरबार में किया जाना सुनिश्चित किया गया है। सीओ ने क्षेत्र के आम लोगों से अपील किया कि वे जमीन सम्बन्धी विवादों को आपस मे झगड़ा न करें। बल्कि वे थाना परिसर में लगने वाले जनता दरबार में आएं। जनता दरबार में दोनों पक्षों की मौजूदगी में ऑन द स्पॉट निपटारा किया जाएगा। इस दौरान थाना परिसर में एसआई पिंकी कुमारी,अंचल कर्मी के अलावे दर्जनों ग्रामीण एवं पुलिस जवान व चौकीदार उपस्थित थे।

### योजनाओं की समीक्षा को लेकर बैठक

**लोकतंत्र की आवाज**

**हसपुरा(औरंगाबाद)।** योजनाओ की समीक्षा को लेकर प्रखंड सभागार में शनिवार को प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी अशोक कुमार ने विकास मित्रों के साथ बैठक की।बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई।कल्याण पदाधिकारी ने सरकार द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योनजाओं पर विस्तार से फोकस किया।विकास योजना के प्रचार-प्रसार के लिए कई दिशा निर्देश दिए। कहा कि सरकार के द्वारा संचालित सभी प्रकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। योजनाओं को गांव व बस्ती में घर-घर जाकर योजना के संबंध में लोगों को जानकारी दें ताकि समय से सरकारी योजना का लाभ लोग प्राप्त कर सके। सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है।छत्रवृति योजना,राशन योजना,लोहिया स्वच्छ योजना समेत विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई। जबतक घर घर तक योजनाओ का लाभ नही मिल जाता है योजना के उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो सकता है।इस संबंध में कई दिशा निर्देश दिया। विकास मित्रों को विभागीय पोर्टल पर प्रतिदिन के कार्यो का अपलोड करने की बात कही गई।मौके पर विकास मित्र सुजाता कुमारी,शिव शंकर राम,संतोषी कुमारी,प्रकाश चौधरी समेत अन्य कई मौजूद थे।

# एनडीए गठबंधन को लोगों का मिल रहा अपार जन समर्थन : सुभाषचंद्र यादव

**लोकतंत्र की आवाज**







**खगड़िया।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर हसनपुर विधानसभा के ब्लॉक रोड हसनपुर में एनडीए के लोजपा (रा) प्रत्याशी राजेश वर्मा ने अपने घटक दल के समर्थकों के साथ शनिवार को पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया।जहाँ हसनपुर विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता सह पूर्व प्रमुख सुभाषचंद्र यादव ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोक कल्याणकारी कार्यों से प्रभावित होकर बिहार राज्य के युवाओं, महिलाओं, किसानों एवं अंतिम पायदान पर रहने वाले व्यक्ति में 2024 के लोकसभा चुनाव में एक नया उत्साह देखने को मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि पूरे देश में मतदाता मालिक के द्वारा बढ़ चढ़ कर एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर पूरे देश समेत बिहार राज्य में चुनावी अभियान चल रहा है। सुभाषचंद्र यादव ने कहा की देश समेत बिहार में चल रहे लोकसभा आम चुनाव में एनडीए गठबंधन को जनता द्वारा खगड़िया लोकसभा में एनडीए गठबंधन के लोजपा (रा) प्रत्याशी राजेश वर्मा को समाज के सभी वर्गों का अपार जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने केंद्र व बिहार की एनडीए सरकार की सबका साथ सबका विकास की नीति को पूरे देश सहित बिहार राज्य के उज्ज्वल भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया । भाजपा नेता सुभाषचंद्र यादव ने आमलोगों के द्वारा केंद्र व बिहार सरकार की विकसित भारत व विकसित बिहार अभियान के लिए एनडीए गठबंधन को अपार जनसमर्थन मिलने की बात कही । उन्होंने एक विकसित भारत एवं विकसित बिहार के निर्माण के लिए एनडीए गठबंधन की समाज के अंतिम पाएदान तक रहने वाले लोगों तक विकास व लाभुक योजनाओं को पहुंचाने की नीति को बहुत कारगर बताया। साथ ही वर्तमान समय में जातीय बंधनों से ऊपर उठकर मोदी सरकार के विकास की बात करने वाली एनडीए गठबंधन की लोक कल्याणकारी नीति के बहुत दूरगामी परिणाम देखने को मिलने की भी बात कही ।

इसके अलावा खगड़िया लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आनेवाले वाले 140 हसनपुर विधानसभा क्षेत्र में एनडीए गठबंधन के लोजपा (रा) प्रत्याशी राजेश वर्मा के पक्ष में हसनपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में पूरे देश में हुए चहुंमुखी विकास को अच्छी तरह से समझ रही है । इस चुनाव में आमलोगों को खगड़िया लोकसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन के लोजपा (रा) पार्टी के उम्मीदवार राजेश वर्मा के नेतृत्व में पूरे खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य तथा विकास होने का पूरा विश्वास है। मौके पर जदयू के पूर्व विधायक राजकुमार राय, वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाषचंद्र यादव, जितेन्द्र सिंह, बैजनाथ झा, विजय कुमार यादव, मंडल अध्यक्ष ऋषि राज सिंह, संजय सिंह लल्लू, रामचंद्र यादव, आईटी सेल के श्याम सुंदर पासवान, अशोक निषाद आदि सैकड़ों एनडीए गठबंधन के लोग उपस्थित थे।

# जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र ने महादलित बस्ती में किया ब्रीज कोर्स का संचालन



**लोकतंत्र की आवाज**

**सरायरंजन/समस्तीपुर।** जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र, अख्तियारपुर, समस्तीपुर द्वारा क्राई चाइल्ड राइट्स एंड यु के सहयोग से सरायरंजन प्रखंड अंतर्गत रायपुर बुजुर्ग पंचायत जानमहम्मदपुर वार्ड संख्या 2 और बाजिदपुर मेयारी पंचायत के वार्ड संख्या 12 के क्रमशः मछुआरा टोला एवं मुसहर टोली में संचालित ब्रीज कोर्स सेंटर में पढ़ने वाले बच्चों के बीच पठन पाठन सामग्री वितरण समारोह आयोजित किया गया।

इस समारोह को संबोधित करते हुए मेयारी के मुखिया बिरजू कुमार राय नें कहा कि जो काम सरकार को करना चाहिए, समय-समय पर बच्चों को जरूरी पठन-पाठन समान उपलब्ध कराना चाहिए वो काम जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र कर रहा है। रायपुर बूजूर्ग पंचायत के वार्ड सदस्य रामनाथ राय नें कहा कि गांव-गांव में स्कूल होने के बावजूद भी मुसहर और गरीब परिवार के बच्चे समय पर स्लेट, पेंसिल, कापी, कलम नहीं मिलने पर स्कूल छोड़ देते हैं। गरीब समाज के लोगों को शिक्षा से लगाव नहीं है वे लोग गलत खान पान के शिकार हैं। बच्चों को पढ़ाना नहीं चाहते हैं।

स्थानीय समुदाय नेता प्रमोद सहनी एवं सियाराम कापर नें कहा कि सरकारी स्कूलों में अब कमरा और शिक्षकों की कमी नहीं है,लेकिन शिक्षकों का बच्चों के पढ़ाई के प्रति लगाव में कमी है। जिससे बच्चे की शिक्षा और उनका सतत रूप से सीखाते नहीं है। इसी लिए जागरूक लोगों का बच्चा प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने जाता हैं। मौके पर ब्रीज कोर्स सेंटर के शिक्षक रौशन कुमार झा शिशिका नूतन कुमारी, बलराम चौरसिया, दिनेश प्रसाद चौरसिया, ललिता कुमारी उपस्थित रहे। वही धन्यवाद ज्ञापन दीपक कुमार चौरसिया ने किया।

# जिले में 24 घंटे के अंदर 17 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी-एसपी

**लोक तंत्र की आवाज़**



**धर्म जीत सिन्हा की रिपोर्ट**

**नवादा।** कार्तिकेय के. शर्मा पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि 26 अप्रैल 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, दहेज हत्या में 02, अनुसूचित जाति/जनजाति में 01, साईबर क्राईम में 01 मद्य निषेध में 05 एवं अन्य गिरफ्तारी 08 कुल 17 गिरफ्तारियां हुई।

शराब की बरामदगी अन्तर्गत 23 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पाटन की संख्या 05 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 652 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राषि 02 लाख 18 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य बरामदगी अन्तर्गत अपहृता 03 एवं ट्रैक्टर 02 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस के द्वारा इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों के गिरफ्तारी एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है। ारी डीपीआरओ नवादा ने दी।

# प्रखंडाधीन सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की बैठक संपन्न

**लोकतंत्र की आवाज**



**समस्तीपुर।** मॉडल इंटर विद्यालय समस्तीपुर के सभागार में प्रखंड संसाधन केंद्र समस्तीपुर द्वारा प्रखंडाधीन सभी प्राथमिक, मध्य एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की आवश्यक बैठक बीईओ सह डीपीओ नरेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार ने प्रधानाध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महान पर्व में अपनी भागीदारी निभाकर हमें राष्ट्रीय उत्थान में सहयोग करने की आवश्यकता है।इसके लिए आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान केंद्र पर मतदान पदाधिकारी के लिए आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करना है।

इसके तहत प्रकाश, पेयजल, शौचालय,रैम्प , सफाई,रसोईया की उपलब्धता, घड़ा में स्वच्छ जल आदि की व्यवस्था करनी है। वही मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान भी चलना है। बैठक का सफल संचालन करते हुए लेखपाल चन्दन श्रीवास्तव ने विभागीय निदेशों को सदन में रखा एवं नामांकन अभियान, दिव्यांग बच्चों का नामांकन, ग्रीष्म अवकाश अवधि में चल रहे मिशन दक्ष कार्यक्रम संबंधित चिन्हित बच्चों के संबंध में सूचना, अन्य बच्चों के संबंध में सूचना, व्हीलचेयर, पाठ्यपुस्तक आपूर्ति, मांग और टी आर ई 2,3 के शिक्षक के मातृत्व अवकाश व चिकित्सा अवकाश के संबंध में जानकारी, दिनांक 01.04.2024 से 24.04.2024 तक अलग-अलग प्रतिवेदन में नामांकन एवं उपस्थिति सहित अन्य विवरण की मांग की गई। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में शिक्षकों को 08 बजे विद्यालय में उपस्थित रहना है। कई स्तर से निरीक्षण किया जा रहा है, पकड़े जाने पर वेतन रोकने से लेकर अन्य दंडात्मक कार्रवाई होने की संभावना है। मौके पर जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के महासचिव अनिल कुमार, प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार, बीआर पी पूनम कुमारी, बीपीएम प्रशांत कुमार, दीपक कुमार, बीआरपी एमडीएम रंजीत कुमार सहित प्रखंड के सभी 199 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

# व्यवसायिकों की होल्डिंग टैक्स में रियायत को लेकर नगर पंचायत पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक

**लोकतंत्र की आवाज**



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** नवसृजित नगर पंचायत रजौली स्थित कार्यालय में होल्डिंग टैक्स में रियायत को लेकर नगर के स्थानीय व्यवसायिक वर्ग एवं मुख्य प्रबुद्धजनों व जनप्रतिनिधियों के साथ नगर पंचायत पदाधिकारी राजेश ने होल्डिंग टैक्स के समस्याओं को जाना एवं निराकरण का आश्वासन दिया।साथ ही स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी के समक्ष अपनी बातों को रखते हुए कहा कि जब से नगर पंचायत का चुनाव समपन्न होने के उपरांत पूर्ण रूप से नगर पंचायत रजौली का गठन हुआ है।

उसी समय से होल्डिंग टैक्स लेने का निवेदन कार्यपालक पदाधिकारी से किया। साथ ही गजट में निर्देशित डेढ़ प्रतिशत ब्याज दर पर वसूली पर भी प्रतिबिंध लगाने की मांग किया गया।जिसके बाद कार्यपालक पदाधिकारी ने स्थानीय नगर वासियों को आशवस्त किया कि यहां के बोर्ड में शामिल करने के उपरांत आपकी मांग को बिहार सरकार नगर विकास विभाग को पत्र के माध्यम से भेजा जाएगा।नगर विकास एवं बिहार सरकार से जैसा आदेश मुझे प्राप्त होगा।मैं आप-सबों को अवगत कराकर उस निर्णय को लागू करवाउंगा। इसके अलावा आम वर्ग के लोगों ने नगर पंचायत में नल-जल लगाए बगैर पांच सौ रूपये वसूली करने की चर्चा करते हुए कहा कि हमलोगों के घरों में नल जल लगाया भी नहीं गया है और पैसे वसूल की जा रही है। इसपर नगर पंचायत पदाधिकारी ने कहा कि जिनके घरों में नल जल योजना लगा हुआ है,उन्हीं लोगों को पैसा देना है।

बैठक के मौके पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार,व्यवासायिक संघ अध्यक्ष संदीप कुमार, जदयू नेता दीपक कुमार मुन्ना, भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन,रंजन कुमार बब्लू, नवीन कुमार, वार्ड पार्षद धीरज चौधरी, संतोष वर्मा, राजु कुमार, मुकेश कुमार, मनोज बरहपूरिया, राहुल सिंह,चंदन कुमार सेठ सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### शादी का झांसा दे तीन वर्षो से कर रहा था शारीरिक शोषण

**लोकतंत्र की आवाज**

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा, पकरीबरावां।** पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के पोकसी गांव के अरुण रविदास के 25 वर्षीय पुत्र संजीव कुमार को गिरफ्तार किया है। युवती को शादी का झांसा देकर तीन वर्षो तक शारीरिक शोषण करने के मामलें में युवक की गिरफ्तारी हुई है। इसकी जानकारी देते हुए पकरीबरावां थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि आरोपी संजीव नालंदा जिले के बिहारशरीफ में शुभम हॉस्पिटल में डॉक्टरी सीखने के क्रम में उसी हॉस्पिटल में नर्स के रूप में कार्यरत एक युवती को शादी का झांसा देकर तीन वर्ष से उसका शारीरिक शोषण करता रहा। जब युवती ने शादी करने की बात कही, तो आरोपी संजीव ने साफ इंकार कर दिया। इस संबंध में युवती के आवेदन पर 25 अप्रैल को पकरीबरावां में थाना कांड संख्या-189/24 दर्ज किया गया( उन्होंने बताया कि अनुसंधान के क्रम में प्राथमिकी अभियुक्त संजीव कुमार को गिरफ्तार किया गया। शुक्रवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को जीत दिलाने हेतु महागठबंधन कार्यकर्ताओं की बैठक

**लोकतंत्र की आवाज**



**ताजपुर/समस्तीपुर ।** इंडिया गठबंधन का प्रखंड स्तरीय बैठक शनिवार को ताजपुर प्रखंड क्षेत्र के अस्पताल चौक स्थित एक निजी विद्यालय पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मालिक की अध्यक्षता एवं भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह के संचालन में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में भाकपा माले के मो० एजाज, ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह, वीआईपी के आदर्श कुमार पिंटू, राजद के तबरेज आलम, अजहर मिकरानी, नूर आलम, मो० इसराफिल, मो० फुरकान अली, उमेश कुमार, नौशाद आलम, कांग्रेस के मोईन रजा, फैजान अहमद, नरेश कुमार आदि ने अपने - अपने विचार व्यक्त किए । बैठक में समस्तीपुर से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार सन्नी हजारी एवं उजियारपुर से आलोक कुमार मेहता के समर्थन में घर - घर चलो अभियान, जनसंपर्क अभियान चलाने एवं मतदान को मत प्रतिशत बढ़ाने तथा ग्रामीण क्षेत्र में बैठक करने, रूट चार्ट के अनुसार उम्मीदवार को क्षेत्र भ्रमण कराने, घोषणा - पत्र वितरण करने समेत अन्य बातें पर निर्णय लिया गया । मौके पर महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, पलायन रोकने में विफल एवं लोकतंत्र - संविधान के लिए खतरा बन चुकी एनडीए सरकार की आलोचना करते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव में सत्ता से बेदखल करने की जनता से अपील की गई।

# देवी बिगहा हत्याकांड मामलें में एक को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**लोकतंत्र की आवाज**

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां थाना क्षेत्र के देवी बिगहा गांव में बीते 24 अप्रैल को हुए ब्रह्मदेव यादव हत्याकांड मामलें में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। बीते गुरुवार - शुक्रवार की मध्य रात्रि को उसे गिरफ्तार किया गया।

इसकी जानकारी देते हुए पकरीबरावां थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि ब्रह्मदेव यादव हत्याकांड में आरोपित सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम में हत्या के अभियुक्त रंजीत कुमार को पकरीबरावां प्रखंड कार्यालय के पास से रात्रि करीब 12 बजे बालू लदे ट्रक से गिरफ्तार किया गया। उन्हों बताया कि शुक्रवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। साथ ही अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।बता दें कि 24 अप्रैल को 55 वर्षीय ब्रह्मदेव यादव की पीटकर एवं गला दबाकर उस समय हत्या कर दी गई थी, जब वे अपने पुत्रवधू के भाई रामप्रवेश यादव को बचाने गए थे। गांव के ही लोगों द्वारा उनकी हत्या कर दी गई। इस मामलें में मृतक के पुत्र धीरज कुमार के आवेदन पर अजय कुमार, रंजीत कुमार सहित पांच लोगों पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस द्वारा कांड संख्या-187/24 दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।जानें पूरा मामला -20 अप्रैल को मृतक ब्रह्मदेव यादव के पुत्र की शादी थी। बारात जमुई जिले के रिसिडीह गांव गई हुई थी। भोजन के दौरान लड़की के भाई रामप्रवेश एवं अजय कुमार के बीच नोंक झोंक हो गई थी। इस कारण अजय गुस्से में था।

24 अप्रैल को लड़की का भाई रामप्रवेश नव विवाहित बहन को विदा कर ले जाने के लिए देवी बिगहा गांव आया था। इसकी खबर अजय को लग गई। जैसे ही रामप्रवेश घर से बाहर निकला, अजय सहित अन्य लोग उसके साथ मारपीट करने लगे। अपने संबंधी को मार खाता देख मृतक ब्रह्मदेव यादव उसे छुड़ाने पहुंचें। तभी सभी आरोपी ब्रह्मदेव यादव के पीछे पड़ गए और मारपीट करते हुए गला दबा दिया।

परिजनों द्वारा उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से सभी आरोपित घर से फरार हो गए।मृतक के पुत्र के आवेदन पर पकरीबरावां थाना में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया।

# भाजपा नेता के बेटे की तेजाब से जलाकर हत्या, 24 अप्रैल से था लापता

**लोक तंत्र की आवाज़**



**बेगूसराय।** बिहार के बेगुसराय से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां बदमाशों ने भाजपा नेता के बेटे का अपहरण कर उसे तेजाब से जलाकर मार डाला। बदमाशों ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़ी ऐघु भारद्वाज नगर निवासी पूर्व सैनिक सह भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के नेता कौशल कुमार के 21 वर्षीय बेटे अंगद कुमार का पहले अपहरण कर लिया और बाद में उसकी हत्या कर दी। अंगद 24 अप्रैल से ही लापता था।

उसका शव शुक्रवार सुबह मटिहानी थाना क्षेत्र के खोरमपुर चकोर गंगा घाट से बरामद होते ही परिजनों में कोहराम मचा है। तेजाब से जलाए गए शव की पहचान अंगूठी व चकती से परिजनों ने की है। आशंका है कि बदमाशों ने हाथ पैर बांध कर पहले पिटाई की इसके बाद तेजाब से जला कर अंगद की हत्या कर दी। परिजनों ने तेजाब पिलाए जाने की भी बात कही है

एसपी मनीष ने बताया कि हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो समा है। हत्या के कारणों की जांच के लिए सदर डीएसपी सुबोध कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया है। मृतक के मोबाइल डिटेल की जांच की पड़ताल करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**भाजपा नेता के एक पुत्र ने कर ली थी खुदकुशी:** मिली जानकारी के अनुसार शाम्हो थाना क्षेत्र के बिजुलिया के मूल निवासी कौशल कुमार पूर्व सैनिक हैं और अवकाश के बाद मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़ी ऐघु भारद्वाज नगर में मकान बना कर रहने के साथ ही मुफस्सिल थाना के डायल 112 के चालक हैं। इनके दो पुत्र में एक पुत्र ने एक साल पूर्व खुदकुशी कर ली वहीं दूसरे पुत्र की मौत के बाद पिता समेत स्वजनों में कोहराम मचा है। अंगद आइआइटी की तैयारी करते थे। घटनाक्रम के संबंध में परिजनों ने बताया कि 24 अप्रैल की दोपहर जीडी कालेज के समीप स्थित एक कोचिंग संचालक ने अंगद को फोन कर बुलाया था। इसके बाद देर तक नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की और निराश होने पर मुफस्सिल थाना में गुमशुदगी का सनहा अंकित कराई। पुलिस लापता युवक के मोबाइल लोकेशन के आधार पर खोजबीन कर ही रही थी कि इसी क्रम में शुक्रवार की सुबह मटिहानी थाना क्षेत्र से तेजाब से जला शव बरामद किया गया।

**बोर्ड गठित कर कराय पोस्टमार्टमः** सदर डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया कि अपहरण कर हत्या की बात सामने आई है। मेडिकल बोर्ड गठित कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मौत के कारणों के संबंध में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हो सकेगा। मृतक के मोबाइल के काल डिटेल के आधार पर जल्द ही हत्या में संलिप्त बदमाशों की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पुलिस पर लापरवाही का लगाया आरोप

शव बरामदगी के बाद सदर अस्पताल पहुंचे भाजपा नेता अमरेंद्र कुमार अमर ने मुफस्सिल पुलिस पर लापता युवक की खोजबीन करने में लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने अंगद का अपहरण कर हत्या किए जाने को जघन्य घटना बताते हुए एसपी मनीष से हत्याकांड की निष्पक्ष जांच कराने की व लापरवाह पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की।

## संक्षिप्त खबरें ।

### लक्ष्मीनिया गांव में सांप काटने से 45 वर्षीय महिला की मौत, परिजनों में मचा कोहराम



लोकतंत्र की आवाज

**बनमा ईटहरी सहरसा संवाददाता।** सहरसा प्रखंड क्षेत्र लक्ष्मीनिया गांव में सांप के काट लेने से एक 45 वर्षीय महिला की। इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि बनमा ईटहरी थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनिया गांव निवासी योगेंद्र तांती की 45 वर्षीय पत्नी कैतकी देवी की सुबह पशु चारा के लिए घर में रखें भूसा को निकाल रही थी, उसी दरमियान भूसा के घर में छिपे विषैला सांप ने उसे दंश लिया। परिजनों ने आनन–फानन में उसे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल सिमरी बख्तियारपुर लाया। जहा चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इधर अनुमंडलीय अस्पताल में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मृतक महिला अपने पीछे पति योगेंद्र तांती व तीन बेटी व दो बेटे को छोड़ गई। मौत की खबर परिजनों ने पुलिस को दिया मौके पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सहरसा भेज दिया।

### 10 बोतल कफ सिरप के साथ बाइक सवार गिरफ्तार




लोकतंत्र की आवाज

**बनमा ईटहरी सहरसा संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के सुगमा गांव से गुप्त सूचना कि आधार पर बनमा ईट– हरी थाना पुलिस ने 10 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक बाइक सवार युवक को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद प्राथमिक दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया हैं। इस संबंधने बनमा ईटहरी थानाध्यक्ष ज्योतिष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार एक बाइक सवार युवक को 10 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया गया हैं। गिरफ्तार युवक सुगमा गांव के संजय सिंह के पुत्र शिवम कुमार हैं जिसे गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया हैं।

### 15 लीटर देसी शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



लोक तंत्र की आवाज

**प्रदीप कुमार झा, अररिया।** ताराबाड़ी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार 15 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक शराब तस्कर को डिम्हिया से गिरफ्तार किया है।जानकारी देते थाना अध्यक्ष रवि कुमार राय ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि दिम्हिया वार्ड संख्या 14 निवासी संतोष मंडल पिता जीवानन्द मंडल, घर में शराब बिक्री करता है सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में घर से 15 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है जिसे कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर न्यायिक हिरासत अररिया भेज दिया गया।

### सघन वाहन जांच के दौरान हुसैनचक चेक पोस्ट पर निगरानी दल ने लाखो रुपए राशि जब्त

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले के विभिन्न स्थलों पर बनाए गए चेक पोस्टों पर चल रहे सघन वाहन जांच के दौरान स्थैतिक निगरानी दल हुसैनचक 76 सिमरी बख्तियारपुर चेक पोस्ट पर गौतम कुमार पिता अरविंद कुमार यादव सलखुआ थाना के इटहरी ग्राम निवासी कि स्कॉर्पियो गाड़ी की जांच के द्वारा कुल 1,99,500 एक लाख निन्यानवे हजार पांच सौ नगद राशि पाई गई। जब्त राशि के संबंध में जांच स्थल पर कोई संतोषप्रद प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में स्थैतिक निगरानी दल के दंडाधिकारी सूरज कुमार एवं उड़नदस्ता दल के दंडाधिकारी शुभम वर्मा द्वारा राशि जब्ती की कार्यवाही की गई एवं संबंधित थाना अध्यक्ष सिमरीबख्तियारपुर के एसएचओ को राशि सुपुर्द कर दिया गया। निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह राज्य कर संयुक्त आयुक्त प्रवीण कुमार द्वारा विस्तृत जानक री देते हुए बताया गया की आदर्श आचार संहिता के अक्षरशः अनुपालन तथा निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने हेतु हमारी पूरी टीम पुलिस बल के साथ जिले के सभी चेक पोस्टों पर पूरी मुस्तादी के साथ आने–जाने वाली सभी गाड़ियों की गहन जांच करवाई जा रही है। किसी भी परिस्थिति में चुनाव को प्रभावित करने वाले सभी कारकों को हम लोग जब्त करने का काम करेंगे। चुनाव प्रभावित किए जा सकने वाले हर एक बिंदु पर निगरानी दलों की नजर बनी हुई है।

# देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, अररिया से भाई शाहनवाज की जीत तयः राष्ट्रीय प्रवक्ता

लोक तंत्र की आवाज

**प्रेस को सम्बोधित करते हुए राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर सुबोध कुमार मेहता ने बताया कि देश में चुनाव दो विचारधाराओं के बीच हो रहा है एक विचारधारा वह है जो सिर्फ 10% कॉरपोरेट घरानों का प्रतिनिधित्व करती है दूसरी तरफ 90% बहुजन आबादी वाली विचारधारा है जो संविधान लोकतंत्र में आस्था रखती है और किसानों बेरोजगारों गरीबों छोटे व्यवसाययों के भविष्य की चिंता करती है वही है इंडिया गठबंधन**




**अररिया।** अररिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी श्री शाहनवाज आलम जी के पक्ष में अररिया पहुंचे राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर सुबोध कुमार मेहता जी द्वारा आज दिनांक 27/04/2024 को राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय अररिया में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया

प्रेस को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता ने बताया कि देश में चुनाव दो विचारधाराओं के बीच हो रहा है एक विचारधारा वह है जो सिर्फ 10% कॉरपोरेट घरानों का प्रतिनिधित्व करती है दूसरी तरफ 90% बहुजन आबादी वाली विचारधारा है जो संविधान लोकतंत्र में आस्था रखती है और किसानों बेरोजगारों गरीबों छोटे व्यवसाययों के भविष्य की चिंता करती है, देश में रोजगार के अवसर खत्म कर दिए गए हैं प्रतिवर्ष रेलवे में लाखों वैकेंसी निकलती थी अब वह बंद हो गई है ,सरकारी संगठनों का तेजी से निजीकरण हो रहा है, सभी हवाई अड्डे बेच दिए गए हैं , किसान एसपी की मांग को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे लेकिन सरकार नजरअंदाज कर रही और किसानों पर अन्याय कर रही

श्री मेहता ने कहा कि अररिया से राजद प्रत्याशी शाहनवाज आलम जी उच्च शिक्षित युवा हैं काफी संघर्षशील हैं , बिहार सरकार के आपदा मंत्री रहते हुए उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किए हैं लगातार जनता से उनका जुड़ाव रहा है और बांका के प्रभारी मंत्री रहते हुए जिले के कल्याण के लिए उन्होंने कई कार्य करवाए

निश्चित रूप से आप चुनाव जीतेंगे तो अररिया की जोरदार उपस्थित सदन में रहेगी, इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, अररिया में भी उद्योग लगेंगे , उन्होंने कहा कि 17 महीने के हमारे बिहार सरकार ने साढ़े 5 लाख युवाओं को रोजगार देने का काम किया , पर्यटन के क्षेत्र में स्वास्थ्य के क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया, कम समय में ऐतिहासिक रूप से जन सरोकारों से जुड़े मुद्दे निपटाए गए, राजद गठबंधन सरकार ने अपने बूते पर जाति जनगणना करवाई और उसके अनुरूप आरक्षण का दायरा बढ़ाया , ठीक इसी तरह देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनते हैं राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित जनगणना कराया जाएगा किसानों के लिए स्वामीनाथन समिति की सभी सिफारिशें लागू की जाएगी उन्हें उनके फसलों पर एमएसपी दी जाएगी , क्योंकि हमारे सरकार के एजेंडा में ही पढ़ाई कमाई दवाई सिंचाई कार्यवाही और सुनवाई है

इस अवसर पर जिला प्रधान महासचिव मनोज कुमार विश्वास जी ,जिला प्रवक्ता जगदीश झा गुड्डू ,रामनारायण विश्वास ,महिला राजद जिला अध्यक्ष लवली नवाब ,जिला महासचिव कमाले हक जी युवा राजद के जिला मीडिया प्रभारी मोहतसिम अख्तर , युवा राजद प्रवक्ता शिवनारायण यादव , शेखर झा जी एवं अन्य उपस्थित थे ।

### जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई चाकू बाजी बीच बचाव करने गए कलेक्शन एजेंट पर भी हमला एक की हालत गंभीर



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** सहरसा में जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के लोगों पर चाकू से हमला कर दिया दो लोग जख्मी हो गए हालांकि एक की स्थिति बेहद नाजुक बताई जा रही है। जिनको निजी नर्सिंग होम सहरसा में भर्ती कराया गया है। घटना बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरीख गांव वार्ड नंबर 6 की है। जख्मी का नाम संतोष मुखिया है। जो बिहरा थाना क्षेत्र के पुरीख गांव वार्ड नंबर 6 का रहने वाला है।

जख्मी के भाई अशोक मुखिया ने बताया कि हम लोगों की जमीन पर बाउंड्री थी दूसरे पक्षो ने मेरे आंगन में ईंट गिरा रहा था जिसे हम लोगों ने विरोध किया इसी विरोध को लेकर राजेश मुखीया, बिरवल मुखिया, अशर्फी मुखिया, मनोज मुखिया, लड्डू मुखिया, राज मुखिया, शंभू मुखिया इत्यादि अन्य लोगों ने मेरे घर पर आकर चाकू से हमला कर दिया दो लोगों को चाकू लग गया वही प्रत्यक्षदर्शी किशोर मुखिया ने बताया कि हम बिजली के कनेक्शन एजेंट है। अशोक मुखिया के यहां बिजली का बिल कलेक्ट करने गए थे वहां लड़ाई हो रही थी राजेश मुखिया बीरबल मुखिया मनोज मुखिया सब मिलकर संतोष मुखिया को मार रहे थे जब हम बीच बचाव करने लगे तो हम पर भी चाकू से वार कर दिया वहीं सदर एसडीपीओ आलोक कुमार ने बताया जमीनी विवाद में चाकू बाजी हुई है एक पक्ष जख्मी है। निजी नर्सिंग होम में भर्ती है। आवेदन अपर्याप्त हैं। पीड़ित के द्वारा बिहरा थाना में आवेदन दिया जाएगा तो कार्रवाई की जाएगी । वहीं घटनास्थल से बिहरा थाना अध्यक्ष रोशन कुमार ने दो लोग अशरफी मुखिया राज मुखिया को हिरासत में लिया है।

### महिषी व सिमरीबख्तियारपुर विधानसभा के मतदान केंद्र का हुआ समय परिवर्तन

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** महिषी विधानसभा क्षेत्र के 107 व सिमरीबख्तियारपुर विधानसभा क्षेत्र के 60 मतदान केंद्रों के समय में हुआ परिवर्तन, इन केंद्रों पर सुबह सात बजे से आपराह्न चार बजे तक होगा मतदानसहरसा लोकसभा आम निर्वाचन के तहत तृतीय चरण में जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में आगामी सात मई को मतदान निश्चित है। इसको लेकर 77 महिषी विधानसभा क्षेत्र एवं 76 सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा क्षेत्र से संबंधित मतदान केंद्र के मतदान समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है।

मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले महिषी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 207 मतदान केंद्र संख्या 15 से 26, मतदान केंद्र संख्या 30 से 33, मतदान केंद्र संख्या 62 से 228, मतदान केंद्र संख्या 264 से 270 एवं मतदान केंद्र संख्या 296 से 314 केंद्रों पर पूर्वाह सात बजे से अपराह्न छह बजे तक मतदान होगा। जबकि शेष 107 मतदान केंद्र पर समय में परिवर्तन किया गया है।

इन मतदान केंद्रों पर पूर्वाह्न सात बजे से अपराह्न चार बजे तक ही मतदान होगी। वही खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा क्षेत्र के 299 मतदान केंद्र संख्या 1 से 39 43 से 54, 56, 60 से 62, 68 से 69, 89 से 93, 98 से 274, 277, 288 से 333, 343, 344, 349 से 359 पर पूर्वाह्न सात बजे से अपराह्न छह बजे तक मतदान होगा। जबकि शेष 60 मतदान केंद्रों पर सुरक्षा को लेकर समय परिवर्तन किया गया है।

### भाजपा ने चुनाव संचालन के लिए खोला एनडीए कार्यालय बीजेपी प्रत्याशी प्रदीप सिंह ने फीता काट कर किया उद्घाटन

लोक तंत्र की आवाज

**नरपतगंज।** लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर भाजपा ने चुनाव संचालन के लिए नरपतगंज प्रखंड सह विधानसभा मुख्यालय में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एन डी ए)कार्यालय का ओपनिंग निवर्तमान सासंद सह भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा फीता काट कर किया गया। इस मौके पर एन डी ए से प्रत्याशी रहे राष्ट्रीय परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय कुमार झा एवम भाजपा के कद्दावर नेता वहां मौजूद रहे। अररिया के लोकप्रिय सांसद प्रदीप सिंह ने कार्यकर्ताओं को जीत के लिए कई टिप्स भी बताए। वरीय समाजसेवी सह भाजपा नेता पंडित अजय झा ने कार्यकर्ताओं से चुनाव को लेकर पांच संकल्प भी लिए और कहा कि अबकी बार 400पार, भारी मतों से जीतेंगे प्रदीप, बनेगी केंद्र में फिर मोदी सरकार।





कार्यक्रम में शिरकत किए परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय झा



### पूर्व मुखिया मनोज सिंह और पीएम मोदी ने एक दूसरे को दोनों हाथ जोड़कर किया अभिवादन

लोक तंत्र की आवाज



**फारबिसगंज।** अररिया फारबिसगंज हवाई अड्डा फील्ड पर शुक्रवार को अररिया से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह तो सुपौल से जदयू प्रत्याशी दिलेश्वर कामत के लिए चुनावी सभा को संबोधित करने आये देश के प्रभानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को पूर्व मुखिया मनोज सिंह के एक दुसरे के अभिवादन के वक्त एक खूबसूरत तस्वीर को संकलन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

पूर्व मुखिया सह जिले के कद्दावर नेता स्थानीय निवर्तमान सांसद के मामा मनोज सिंह सौरगांव ने जब नरेंद्र मोदी को दोनों हाथ जोड़ कर अभिवादन किया तो उनके सम्मान में पीएम मोदी ने भी दोनों हाथ जोड़कर विनम्र भाव से स्थानीय सांसद के करीबी मनोज सिंह का अभिवादन स्वीकार किया। ये तस्वीर आज के युवाओं, नेताओं व बड़े बड़े लोगों को देखने की आवश्यकता है कि यूं ही नहीं कोई देश के के सर्व मान्य नेता नहीं बन जाते हैं। यशस्वी प्रधानमंत्री का विनम्र स्वभाव पर श्री सिंह ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का विश्व विख्यात फणीश्वर नाथ रेणु की इस पावन धरती पर आगमन से सीमांचल वासियों की ओर से उन्हें बधाई दिया और कहा कि सीमांचल एवम अंग की सभी सीट पर एन डी ए उम्मीदवार की जीत होगी। अबकी बार चार सौ पार हो के रहेगा।

### लोकसभा निर्वाची पदधिकारी सह जिला पदाधिकारी इनायत खान ने चिन्हित डिस्पैच सेंटरों पर अबतक की गई अद्यतन तैयारियों का किया निरीक्षण



लोक तंत्र की आवाज

**अररिया।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार अररिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का तीसरे चरण में दिनांक 07 मई 2024 को मतदान की तिथि निर्धारित है। जिसको लेकर जिला स्तर पर मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण, फैसिलिटेशन सेन्टर पर मतदान कर्मी/आवश्यक सेवा श्रेणी के मतदाता के लिए पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान की प्रक्रिया सहित निर्वाचन से संबंधी समस्त तैयारियां प्रगति पर है। इसी क्रम में आज निर्वाची पदधिकारी, 09–अररिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सह जिला पदाधिकारी, अररिया इनायत खान द्वारा फैसिलिटेशन सेन्टर, सभी प्रशिक्षण स्थल तथा अररिया जिला अन्तर्गत सभी विधानसभा हेतु चिन्हित डिस्पैच सेंटरों पर अबतक की गई अद्यतन तैयारियों का निरीक्षण किया गया।

सर्व प्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी, अररिया द्वारा अररिया पब्लिक स्कूल, अररिया में बनाये गये फैसिलिटेशन सेन्टर का निरीक्षण किया गया। यहां उन्होंने पोलिंग कर्मियों के लिए की गई मतदान की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नोडल पदाधिकारी –सह– सहायक निर्वाचन पदाधिकारी, अररिया सोनी कुमारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस संबंध में बताया गया कि सभी आवेदकों को द्वितीय प्रषिक्षण के दौरान डाक मतपत्र उपलब्ध कराने एवं मतदान की व्यवस्था के लिए जिला स्तर पर अररिया पब्लिक स्कूल, अररिया में अररिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत प्रत्येक 06 विधानसभा के लिए 06 काउन्टर तथा अन्य जिला के मतदाताओं के लिए एक अतिरिक्त काउन्टर की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु दिनांक–27.04.2024 से 30.04.2024, तथा अन्य जिला हेतु दिनांक–30.04.2024 से 01.05.2024 तक समय सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक पोलिंग कर्मियों का मतदान कराया जायेगा।

निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी, अररिया द्वारा आज अररिया पब्लिक स्कूल अररिया, स्टार ग्लोबल पब्लिक स्कूल अररिया एवं स्कॉटिश पब्लिक स्कूल अररिया में मतदान कर्मियों को दिये जा रहे द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अररिया द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लेते हुए प्रशिक्षणार्थियों को कई आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र पर सभी मतदान पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए सभी मतदान पदाधिकारी मतदान केन्द्रों पर टीम भावना के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपेट के संचालन का भी सावधानी पूर्वक प्राप्त करने के निर्देश दिए।

वहीं निरीक्षण के क्रम में ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी अररिया द्वारा अररिया द्वारा सभी विधानसभा हेतु चिन्हित डिस्पैच सेंटरों पर अबतक की गई अद्यतन तैयारियों का भी जायजा लिया गया। विदित हो कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 से संबंधित द्वितीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम दिनांक 27.04.2024 से 30.04.2024 तक निर्धारित है। प्रशिक्षण प्रत्येक दिवस दो पाली में आयोजित की जा रही है। मौके पर नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग श्री वसीम अहमद, नोडल पदाधिकारी ईवीएम कोषांग एवं संबंधित पदाधिकारी गण तथा मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित थे।

### रात्रि चौपाल लगाकर बीडीओ ने किया मतदाताओं को जागरुक

लोकतंत्र की आवाज



**सोनवर्षा राज सहरसा संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र शाहपुर पंचायत भवन में प्रखंड प्रखंड विकास पदाधिकारी अरविंद कुमार ने रात्रि चौपाल लगाकर केन्द्र संख्या 110 पर लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया है।

सोनवर्षा राज बीडीओ के द्वारा लगातार जगह–जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में शुक्रवार को रात्रि चौपाल के माध्यम से शाहपुर पंचायत भवन में स्थानीय मतदाताओं को मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। इस क्रम में महिलाओं ने मेरा वोट मेरा अधिकार, हमको यह समझना है सबको वोट दिलवाना है, पहले करे मतदान फिर करे जलपान उसके बाद शुरू करे अपना काम जैसे नारों के साथ जागरूकता फैलाई। वहीं लोकतंत्र में मतदान विषय पर चर्चा परिचर्चा कर मतदाताओं को इसका महत्व समझाया। साथ ही उनसे आगामी सात मई को होने जा रहे चुनाव में अपने–अपने मतदान केंद्रों पर जाकर अनिवार्य रूप से मतदान करने एवं अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के प्रयोग के लिए जागरूक करने की अपील की गई। मौके पर शाहपुर पंचायत के महान जनता महिला पुरुष युवक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

## पोटका के हाता बिरसा चौक में दो वाहनों में सीधी टक्कर, दोनों गाड़ी का ड्राइवर सुरक्षित, बिरसा मुंडा का चबूतरा हुआ क्षतिग्रस्त



**लोकतंत्र की आवाज**
**पूर्वी सिंहभूम झारखंड**
**जादूगोड़ा।** पोटका थाना क्षेत्र के हाता बिरसा चौक में ट्रेलर एवं हाईवा में सीधी टक्कर बाल बाल बचे दोनों वाहनों के ड्राइवर। दोनों वाहनो का टक्कर में हाईवा के परखच्चे उड़े। घटना के संबंध में हाईवा ड्राईवर शंकर सरदार ने बताया कि तूड़ी से गिट्टी लेकर डुमरिया जा रहा था कि इस बीच हाता बिरसा चौक पर ट्रेलर एवं हाईवा के बीच टक्कर हो गया। टक्कर के बाद ट्रेलर ड्राइवर ट्रेलर लेकर भागने में सफल रहा। ट्रेलर लेकर ड्राइवर पोटका थाना में सरेंडर कर दिया। वहीं हाईवा के परखच्चे उड़ गए। साथ ही दोनों वाहनो का टक्कर में बिरसा मुंडा के चबूतरा भी क्षतिग्रस्त हो गया । पोटका थाना द्वारा दोनों वाहनों को जप्त कर आगे की कार्रवाई कर रही है । वहीं हाईवा में गिट्टी लदा हुआ है ।

## यात्रियों से भरी बस पलटी, खलासी समेत एक विवाहित महिला की हुई मौत कई अन्य घायल



**लोकतंत्र की आवाज़**
**निशांत तिवारी, जिला ब्यूरोचीफ**
**चतरा(झारखंड)।** चतरा से कुन्दा की ओर लौट रही सुमन रथ बस सदर थाना क्षेत्र के संघरी घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गई ।जिसमें बस में सवार बस के खलासी हंटरगंज थाना क्षेत्र निवाशी परशुराम सिंह व कुन्दा थाना क्षेत्र के खुशयला गाँव निवाशी चिंतामन गंझु की 20वर्षीय पत्नी रेखा कुमारी की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेखा स्नातक की परीक्षा देने चतरा गई थी व सुमन रथ बस से वापस लौट रही थी।इसी क्रम में संघरी घाटी में बस अनियंत्रित हो होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई,जिसमे इन दो लोगो की जान चली गई।वही बस में सवार कई अन्य घायल हुए हैं जिनका उपचार सदर अस्पताल चतरा में किया जा रहा है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के द्वारा रेफरल जजों एवं मध्यस्थों के लिए एक दिवसीय मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**लोकतंत्र की आवाज**

**विक्रम कुमार मिश्रा,( ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह झारखंड।** माननीय जलसा रांची के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्री मनोज प्रसाद के मार्गदर्शन में आज दिनांक 27 .4. 2024 को जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह की ओर से सेमिनार हॉल में एकदिवसीय मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्री मनोज प्रसाद ने कहा कि यह कार्यक्रम गिरिडीह न्याय मंडल में पद स्थापित सभी न्यायिक पदाधिकारी एवं विद्वान मध्यस्तों के लिए मध्यस्थता हेतु भेजे जाने वाले मामलों पर जागरूकता करने के लिए किया गया, ताकि माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली एवं माननीय उच्च न्यायालय रांची के द्वारा मध्यस्थता के लिए निर्धारित दिशा निर्देशों का अनुपालन सभी रेफरल जजों एवं विद्वान मध्यस्थों के द्वारा किया जा सके, साथ ही मध्यस्थों की विभिन्न प्रावधानों की ऊपर चर्चा के साथ आपराधिक मामलों, सिविल मामले, पारिवारिक मामले एवं मध्यस्थ योग्य अन्य मामलों में नियमानुकूल कार्यवाही मध्यस्थता के दौरान हो सके एवं पक्षकारों को इसका समुचित लाभ प्रदान किया जा सके।

कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों का स्वागत एवं विषय प्रवेश करते हुए मध्यस्थ नियमावली के बारे में सचिव महोदय जिला ,विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्रीमती सोनम विश्नोई के द्वारा अध्यक्षता के विभिन्न प्रावधानों के ऊपर जानकारी प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम के प्रथम सत्र के दौरान मध्यस्थता में रेफरल जजों की भूमिका पर जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम श्री गोपाल पांडे विस्तार पूर्वक सभी रेफरल जजों मध्यस्थ गणों एवं पैनल अधिवक्ताओं को जानकारी प्रदान किया दूसरे सत्र में मध्यस्थ की उपयोगिता एवं मध्यस्थों की भूमिका पर प्रशिक्षित मध्यस्थ श्रीमती उर्मिला शर्मा एवं तीसरे सत्र में एसडीआर मेकैनिज्म के बारे में पैनल अधिवक्ता श्री अमित सिन्हा ने जानकारी प्रदान किया इस दौरान न्यायिक पदाधिकारी एवं विद्वान मध्यस्थों ने भी आपस में परिचर्चा कर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने विचार प्रकट किया आज के इस कार्यक्रम में रेफरल जज जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अष्टम श्री यशवंत प्रकाश जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय श्री आनंद प्रकाश, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश तृतीय श्री सोमेंद्र नाथ सिकंदर जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम श्री संजीव कुमार वर्मा जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सप्तम श्री राजेश कुमार बग्गा ,मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी गिरिडीह श्री सौरभ कुमार गौतम अपर मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी गिरिडीह सुश्री कुमारी नीतिका अवर न्यायाधीश वरीय कोटी सुश्री सीमा कुमारी मिंज सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी गण जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री प्रकाश सहाय, महासचिव चुन्नू कांत कार्यकारिणी सदस्य श्री अजय कुमार सिंह के साथ–साथ मुख्य रूप से मध्यस्थ श्री कामेश्वर प्रसाद यादव श्री गिरीश प्रसाद ,श्री श्याम देव राय श्रीमती उर्मिला शर्मा ,श्री उदय मोहन पाठक, श्री कमलेश्वर शिव मूर्ति, श्री अनिल कुमार श्री अरुण कुमार ,श्रीमती रेनू वर्मा श्रीमती सुनीता कुमारी श्रीमती तृप्ति रंजन पैनल अधिवक्ता श्री अमित कुमार सिन्हा, श्री धीरज कुमार सिन्हा इत्यादि उपस्थित थे।

## स्टार एकेडमी ने किया सफल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**लोक तंत्र की आवाज**
**बिनोद सिंह पलामू, पलामू ।** प्रखंड के कंडा में स्थित शिक्षण संस्थान स्टार एकेडमी ने जैक द्वारा जारी दसवीं कक्षा के परिणाम में जिले में टॉप टेन स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को नगद राशि का चेक और मेडल देकर सम्मानित किया । साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी विधार्थियो को मेडल और पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। शिक्षण संस्थान के निर्देशक नागेंद्र प्रजापति के द्वारा विधार्थियो को दसवीं के बाद विभिन्न क्षेत्रों के बारे में जानकारी दिया गया। ताकि उन्हें दशवी के बाद कोई दिक्कत ना हो। उन्होंने कहा कि आपके लिए साइंस, कॉमर्स, आर्ट्स जैसे कई क्षेत्रों में अपने भविष्य को बनाने के लिए रास्ते खुले है। मौके पर शिक्षक धर्मेद्र कुमार मेहता, अमित कुमार, सचिन कुमार, मनोज सिंह, रवि कुमार , शिक्षिका कोमल कुमारी समेत पूरे जिले में टॉप टेन में स्थान बनाने वाले रेहान रजा, हिमाशी भारती , सुगंध कुमार के साथ काफी संख्या में छात्र व छात्रा मौजूद थे।

## धुलकन से लोग परेशान कार्रवाई की मांग

**लोकतंत्र की आवाज**
**बरहड़वा।** नगर सहित प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों एनटीपीसी फ्लाईएस ओवर लोड की ढुलाई और उड़ते धूलकण की चर्चा का बाजार गर्म है। फरक्का – बरहड़वा मुख्य पथ बरहड़वा नगर होते हुए गोड्डा हाइवे में एनटीपीसी की फ्लाईएस ओवर लोड लेकर जाने के क्रम में उड़ते धूलकण से राहगीरों के साथ साथ सड़क किनारे बसे गांव के लोग तथा बरहड़वा नगर के लोग भी परेशान हैं। समस्या को ले बरहड़वा बीडीओ सह सीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी को लिखित आवेदन भी दिया गया है। सुत्रो के अनुसार फ्लाईएस ओवर लोड की ढुलाई में उपर तक पहुंच रखने वाले हैं। अब देखना है क्या होता है।

## मॉर्निंग कोर्ट के बावजूद झालसा के पदाधिकारी एवं कर्मचारी देर तक काम निपटाने में लग रहे



**लोकतंत्र की आवाज**

**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह झारखंड।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्री मनोज प्रसाद जी एवं सचिव सोनम बिश्नोई बताया कि 12:30 बजे तक 450 एकयूज ने 670000 का कंपाउंडिंग फीस जमा कर दिया था। ठक में कोशिश होगी की 40 तक पहुंचने की संभावना हैऐसे 26 तक की संख्या हो चुकी थी। 2 महीने के बाद स्पेशल लोक अदालत लगेगी चुनाव के कारण इसकी तिथि या युग है इसकी निर्धारित तिथि को डालकर आगे बढ़ा दिया गया और यह प्रत्येक महीने आयोजन कर कामों का निपटारा करती रहती है इसमें पक्ष प्रतिपक्ष दोनों ही खुश होते हैं क्योंकि यह सुलह पर विश्वास करती है और जिसके कारण पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों ही प्रसन्न होकर यहां से लौटते हैं।

## छतरपुर: पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन पहुंची जिले के विभिन्न इलाके के गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से किया वोट देने का अपील

**लोकतंत्र की आवाज**

**अरविंद अग्रवाल**
**छतरपुर।** पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन पहुंची जिले के छत्तरपुर,नौडीहा बाजार, पड़वा और पाटन गांव के मझिगांव में पहुंचकर ग्रामीणों से किया वोट देने का अपील। इस दौरान गांव की एक 90 वर्षीय वृद्धा से एसपी ने कहा ₹इधरे तो जाना है, बगले में है, 13 मई के वोट दबे जाना है ठीक बा₹ इसी तरह उन्होंने अन्य ग्रामीणों के साथ भी संवाद किया।

सुरक्षा का भी दिलाया भरोसा। नौडीहा बाजार और छतरपुर के इलाके में एसपी ने वहां पर मौजूद ग्रामीणों का वोट देने को लेकर बढ़ाया उत्साह, वहीं 13 मई को सबसे वोट देने की अपील की। एसपी ने खास कर महिलाओं से बात की उन्हें वोट देने को किया प्रेरित किया। साथ ही कहा गया कि निष्पक्ष व स्वच्छ चुनाव के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है। एसपी के साथ सीआरपीएफ के कमांडेंट, छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम, छतरपुर थाना प्रभारी समेत कई अधिकारी रहे मौजूद।



# कई कांडों में वांछित दो अपराधकर्मी हथियार संग धराये

**लोकतंत्र की आवाज**

**बरहड़वा।** झारखण्ड के साहिबगंज जिले के जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र से पुलिस ने कई कांडो में वांछित दो अपराधकर्मी को एक देशी कट्टा व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।मामले में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के निरापाड़ा ग्राम में दो कुख्यात अपराधी रंगदारी की फिराक में है।

सूचना के सत्यापन हेतु जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन कर छापेमारी कर जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के चानन ग्राम निवासी बबलू मंडल पिता सतीश चंद्र मंडल 30 वर्षीय व पप्पू मंडल पिता किशन मंडल 36 बर्षीय को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।एसडीपीओ ने आगे बताया कि गिरफ्तार बबलू मंडल के खिलाफ पूर्व से 5 संगीन मामले दर्ज है,व पप्पू मंडल के खिलाफ़ पूर्व से कुल 8 संगीन मामले दर्ज है।



## पुलिस ने अफीम के साथ एक नाबालिक को किया निरुद्ध

**लोकतंत्र की आवाज**
**निशांत तिवारी, जिला ब्यूरोचीफ**
**चतरा(झारखंड)।** जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र अन्तर्गय बलबल मंदिर समीप से 08 किलो ग्राम अफीम के साथ एक नाबालिक तस्कर को निरुद्ध कर शनिवार को बाल सुधार गृह हजारीबाग भेज दिया है ।यह जानकारी गिद्धौर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने दी ।उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार केसरी के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन कर बलबल मन्दिर समीप से 08 किलोग्राम अफीम व एक सैमसंग मोबाइल के साथ एक नाबालिक तस्कर को निरुद्ध किया। उसके निशानदेही पर अफीम का तस्करी करवाने के आरोप में गिद्धौर स्थित पांडेय टोला निवासी मनोज पांडेय का पुत्र राहुल पांडेय पर एनडीपीएस एक्ट तहत प्राथमिक दर्ज किया गया है। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## छत्तरपुर के पत्रकार रिंकू सिंह को मातृ शोक

### 'द रांची प्रेस क्लब' के प्रवक्ता सह मैनेजिंग कमेटी सदस्य आरजे अरविंद नें जताया शोक

**लोकतंत्र की आवाज**

**छतरपुर,(पलामू)।** छतरपुर के पत्रकार धर्मेंद्र सिंह उर्फ रिंकू के माता सरस्वती देवी को शुक्रवार के रात्रि अचानक तबियत बिगड़ने से उनका निधन हो गया। यह जानकारी मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। शनिवार को छतरपुर स्थित मंदेया घाट पर उनका दाह संस्कार किया गया. बतादें की उनके अंतिम यात्रा में छतरपुर के कई पत्रकार और गणमान्य लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए शामिल हुए।

निधन की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे डी रांची प्रेस क्लब के प्रवक्ता सह मैनेजिंग कमेटी सदस्य आरजे अरविंद दाह संस्कार में शामिल हुए और उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि ईश्वर उनकी आत्मा को असीम शांति प्रदान करें और मृतक पत्रकार के परिजनों को दुख सहने की शक्ति दें।



# पलामू लोकसभा:अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलेट से मतदान को लेकर हुई बैठक

**लोक तंत्र की आवाज**

**बिनोद सिंह पलामू**
**पलामू।** पलामू लोकसभा आम चुनाव में शत–प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलेट से मतदान कराने को लेकर समाहरणालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया। बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के तहत जिले में अबतक की तैयारियों की समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये साथ ही एसेंशियल सर्विसेज की श्रेणी में आने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों का मतदान लोकसभा चुनाव 2024 में सुनिश्चित कराने को लेकर सभी संबंधितों को निर्देशित किया।उन्होंने सभी एसेंशियल सर्विसेज के नोडल पदाधिकारियों से सभी योग्य मतदाता का नाम निर्धारित 12 डी फॉर्म में जमा कराने हेतु निर्देशित किया।

- उपायुक्त ने चुनाव तैयारियों की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की

**केंद्रीय बलों के आवासन, आईएसआर वेरिफिकेशन, एएमएफ वेरिफिकेशन की भी ब्लॉकवार समीक्षा:** बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने कहा कि केंद्रीय बलों के आवासन और मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं हो,पदाधिकारी इसका ख्याल रखें।सभी क्लस्टर पर पेयजल, शौचालय,बिजली की मुकम्मल व्यवस्था हो।उन्होंने पुलिस और पोलिंग पार्टी के आने–जाने और रहने की पूरी व्यवस्था के साथ समन्वय बनाने हेतु टैग कीये गये रोजगार सेवक के साथ लगातार संपर्क में रहने की बात कही।उन्होंने सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी को वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का मतदाताओं के बीच ससमय वितरण कराने के निर्देश दिये।उपरोक्त के अलावे जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कई अन्य बिंदुओं पर समीक्षा कर विभिन्न निर्देश दिये।मौके पर सभी विभागों के नोडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सगालीम में पान दुकान से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**लोक तंत्र की आवाज**

**बिनोद सिंह पलामू**
**पलामू ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस लगातार अवैध शराब के कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। बावजूद इसके शराब कारोबारी शराब का अवैध धंधा छोड़ नहीं रहे हैं। शराब कारोबारी इन दिनों विभिन्न तरीकों का हथकंडा अपनाते हुए शराब का अवैध कारोबार कर रहे हैं। पान दूकान की आड़ में शराब का अवैध बिक्री खुलेआम हो रहा है। इसके कारण सड़क दुर्घटनाएं काफी बढ़ गई है। पान व किराना दूकान की आड़ में शराब का अवैध धंधा खुलेआम हो रहा है।

गुप्त सूचना के आधार पर पांकी थाना पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम छापेमारी कर सगालीम बस स्टैंड से अवैध शराब के साथ शराब बेचने वाले दो दुकानदारों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों दुकानदारों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया है। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया। पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सगालीम बस स्टैंड में पान दूकान की आड़ में शराब का अवैध कारोबार किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने सगालीम में रोहित कुमार सिंह ( पिता राजकुमार सिंह ) व उपेंद्र कुमार (पिता राजनाथ राम ) के पान व किराना दूकान में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दोनों दूकान से बड़ी मात्रा में अवैध शराब का बोतल बरामद किया गया।

रोहित कुमार सिंह की पान दूकान से कुल 67 बोतल बियर व अंग्रेजी शराब व उपेंद्र कुमार की पान दूकान से 26 बोतल बियर व अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। बताया जाता है कि इसके पूर्व भी उपेंद्र कुमार की दूकान से अवैध शराब बरामद किया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि पान दूकान की आड़ में दोनों दुकानदार लंबे समय से अवैध शराब का कारोबार कर रहे थे। रात दो बजे तक दूकान खोलकर शराब बेचते थे। बताया कि शराब का अवैध कारोबार करने वालों को किसी कीमत पर नहीं बख्शा जाएगा।



## संक्षिप्त खबरें ।

### रत्ना स्वरूप थी भगवत सीता : मुमुक्षु नारायणाचार्य



लोकतंत्र की आवाज
**प्रिती पांडेय**

**नबीनगर।** प्रखंड क्षेत्र के धोबडीहा में आयोजित लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह शिव परिवार हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा के पांचवें दिन शुक्रवार को रामचरितमानस का वाचन करते हुए कथा वाचक मुमुक्षु नारायणाचार्य कहा कि कहा की रक्त का कीमत हीरा नहीं होता है।धोबी का आवाज कौड़ी के समान है। भागवत सीता रत्ना स्वरूप थी। कहा कि गर्भावस्था के समय भक्ति के चरित्र को शूरवीर के चरित्र एवं दयावान के चरित्र की कथा सुनने से बच्चा शूरवीर एवं चरित्रवान पैदा होता है। वैसे पुत्र ही अपने माता–पिता एवं समाज की सेवा करते हैं जो नर नारी आपस में मिलकर रहते हैं धन्य धान्य से पूर्ण होते हैं एवं भक्ति के शरण में रहते हैं। कहा कि जब भगवान श्री राम ने माता सीता का परित्याग किया था तब माता सीता ने लक्ष्मण से कहा था की लक्ष्मण प्रभु श्री राम से कहना कि जिस प्रकार प्रभु पूरी दुनिया की रक्षा करते हैं वैसे ही मुझ अभागिन पर भी दया बनाए रखेंगें।परित्याग होने के बाद सीता वाल्मीकि ऋषि के साथ जंगल में स्थित आश्रम में रहने लगती है जिसके कारण उन्हे वन देवी भी कहा जाता था।कहा कि जब रावण माता सीता को हरण कर लंका ले गया था तो रानी मंदोदरी के द्वारा माता सीता को पहनने के लिए प्रतिदिन नए वस्त्र एवं आभूषण दिए जाते थे लेकिन माता सीता ने उन्हें कभी भी स्वीकार नहीं किया।मुमुक्षु नारायणाचार्य ने कहा कि स्त्री को सिंदूर लगाना चाहिए और पति के रहते अधिक श्रृंगार करना चाहिए।मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष अरविंद सिंह,सचिव संतोष सिंह,कोषाध्यक्ष भीम सिंह,शिक्षक संजीव सिंह,लाल साहब सिंह, ओम प्रकाश सिंह, रामप्रीत सिंह,नीतिश सिंह समेत यज्ञ समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### सुन्दर नगर थाना क्षेत्र अब हब्बा डब्बा खेलाने का बन गया सैफ जोन खुले आम चल रहा है हब्बा डब्बा का खेल



लोकतंत्र की आवाज
**संवाददाता सुन्दर नगर पूर्वी सिंहभूम झारखंड**

। सुन्दर नगर थाना क्षेत्र के अलग–अलग ठिकानों पर इन दिनों बड़े पैमाने पर अवैध रुप से हब्बा डब्बा व जुआ का खेल धड़ल्ले से चल रहा है. .इस क्षेत्र में हब्बा–डब्बा बुरूडीह,तोपोडूंगरी घोड़ाडीह , तालसा ,तुरामडीह खुले आम हब्बा डब्बा का खेल चल रहा है।. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार करण साहू हब्बा डब्बा में दलाली का काम करता है,सुन्दर नगर थाना क्षेत्र के कई जगहों पर हब्बा डब्बा के खेल में रोजाना लाखों का दांव लगता है. लोग बताते हैं कि एक–एक बार में दो हजार रुपये से लेकर पांच हजार रुपये के दांव लगते है. इसमें लोग अपनी जमा की गयी मेहनत की गाड़ी पूंजी लुटा रहे है. जबकि हब्बा डब्बा संचालित करने का मुख्य गिरोह के माफिया करण साहू है, जो मालामाल हो रहे है. साथ में थाना प्रभारी भी मालामाल हो रहे हैं, महीने में दो लाख से लेकर तीन लाख प्रति माह एक थानेदार को हब्बा डब्बा से मिल रहा है, हब्बा डब्बा संचालित करने वाले लोगों के उपर कार्रवाई नहीं होने से इनके हौसले भी बुलंद है. बताया जाता है कि अवैध रुप से हब्बा–डब्बा का खेल करने वाले लोग अलग अलग दिन में अलग अलग लोकेशन पर हब्बा डब्बा का खेल संचालित करते है. हब्बा डब्बा के खेल में लोगों को लाने के लिये बजायाप्ते दलाल भी सक्रिय है. दलाल जुआ खेलने के शौकिन लोगों को जुआ के अड्डे तक पहुंचाते है. इसके लिये उन्हें जुआ का खेल संचालित करने वाले करण साहू संचालक से अलग से पैसा मिलते है. जुआ के अड्डों पर नकेल कसने के लिये कई बार पुलिस ने भी रेड किया, परंतु जुआड़ी पुलिस के पहुंचने से पहले ही वहां से भाग जाते है. इसके अलावे क्षेत्र के मेला व फुटबॉल खेलों में भी बड़े पैमाने पर जुआ का खेल हो रहा है. मेला में जुआ का खेल सरेआम हो रहा है. परंतु इसे रोकने में न तो स्थानीय पुलिस दिलचस्पी लेती है और न ही माफिया के डर से गांव के लोग खुल कर विरोध नहीं करते है.

### पावड़ा की मुखिया पार्वती मुर्मू करा रही चापाकलों की मरम्मत



लोकतंत्र की आवाज
**रवि प्रकाश सिंह**

**पूर्वी सिंहभूम झारखंड।** एक तरफ घाटशिला में भीषण गर्मी का कहर जारी है वहीं दूसरी ओर चापाकलों की खराबी के कारण लोग परेशान है घाटशिला प्रखंड के पावड़ा पंचायत अंतर्गत ढोडाडीह मुहल्ले में पिछले एक पखवाड़े से चापानल खराब पड़ा था। 15 दिनों से परेशान मोहल्ले वासियों ने शनिवार को पंचायत के मुखिया पार्वती मुर्मू से गुहार लगाई. मुखिया ने तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए चापाकल की मरम्मत मरम्मत कराई. मोहल्ले के लोगों ने इस कार्य के लिए मुखिया पार्वती मुर्मू के प्रति आभार व्यक्त किया. ज्ञात हो कि पिछले 15 दिनों से मुहल्ले के लोगों को पीने के लिए पानी की किल्लत हो गई थी.आसपास के मुहल्ले से किसी तरह से पानी की व्यवस्था कर पानी पी रहे थे. इस मुहल्ले के लोग इसी चापानल से पानी लेते हैं. चापानल खराब होने परेशान लोग चापानल मरम्मत के लिए विभागीय अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं किए जाने से लोगों के समक्ष पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई थी. मुखिया के प्रयास से ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से निजात मिली.

# संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर में सीबीएसई द्वारा शिक्षकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण सत्र संपन्न

लोकतंत्र की आवाज



**रवि प्रकाश सिंह पूर्वी सिंहभूम झारखंड घाटशिला।** संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर की न्यू बिल्डिंग में 'क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम' के तहत, सीबीएसई के अंतर्गत उत्कृष्टता केंद्र, पटना के संयोजन द्वारा शिक्षकों के लिए दो दिवसीय' आंकलन और मूल्यांकन प्रथाओं को मजबूत करने ' पर आधारित ऑफ़लाइन प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इसमें छब्बीस वर्षों की अनुभवी शिक्षाविद्, बाल्डविन स्कूल कदमा की प्राचार्या, डॉ. सुभोश्री सरकार एवं वाइस प्रिंसिपल, एनएमएल केरला पब्लिक स्कूल एग्रीको जमशेदपुर, शिक्षा के क्षेत्र में बीस वर्षों की अनुभवी श्रीमती रजनी शर्मा को संसाधक के रूप में उपस्थित रहीं । दूसरे दिन के प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत पूर्व के मुख्य बिंदुओं की पुनरावृत्ति कर की गई। उपरांत ' सब्जेक्ट एनरिचमेंट ' एवं उसके उद्देश्य के बारे में बताकर सभी विषयों के शिक्षकों से गतिविधि द्वारा 'विषय संवर्धन 'का प्रारूप तैयार करवाया गया।

' ब्लूम टैक्सॉनमी ' को भी सचित्र बताया गया। आंकलन और मूल्यांकन में अंतर बताते हुए असेसमेंट को 'इंक्रीज द क्वालिटी' और इवेल्युएशन को 'जज द क्वालिटी ' बताया गया।साथ ही योग्यता आधारित शिक्षा,टीचर एनर्जाइज्ड रिसोर्स मैन्युअल ( टी.ई.आर.एम ), सभी विषयों के लर्निंग स्टैंडर्ड फ्रेमवर्क पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। दोनों रिसोर्स पर्सन ने ' अपने विद्यार्थियों को जाने ' ( नो योर स्टूडेंट )एवं अपने विषय को वास्तविक जीवन से जोड़ने पर विशेष बल दिया। इनके द्वारा कक्षा दसवीं के अनिवार्य, वैकल्पिक,कौशल आधारित, अतिरिक्त विषयों,कक्षा छठीं से ग्यारहवीं तक के कौशल आधारित विषयों एवं उनके अंकों पर भी प्रकाश डाला गया।इसके उपरांत सह–शैक्षिक गतिविधि, कला एकीकृत शिक्षा, स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा के महत्व, उद्देश्य एवं उनके ग्रेड निर्धारण के नियमों को भी साझा किया गया। अंत में कक्षा नौवीं एवं दसवीं के रिपोर्ट कार्ड के अंतर स्पष्ट करते हुए दसवीं के 'रिपोर्ट कार्ड ' के ग्रेड एवं आधार के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।

विभिन्न प्रशिक्षण केंद्र 'निष्ठा', सीबीएसई ऑनलाइन प्रोग्राम एवं अन्य प्रशिक्षण लिंक की भी जानकारी दी गई। परंपरा के अनुसार विद्यालय प्रबंधक डॉ. प्रसेनजीत कर्मकार एवं विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती नीलकमल सिन्हा द्वारा दोनों विशेषज्ञों डॉ.सुभोश्री सरकार एवं श्रीमती रजनी शर्मा को फूलों की टोकरी, स्मृति चिह्न व शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस पूरे सत्र में संसाधकों द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों में प्रशिक्षुओं की सक्रिय सहभागिता रहीं। तत्पश्चात मूल्यांकन हेतु बहुविकल्पीय प्रश्न दिए गए। साथ ही शिक्षकों को अपने अनुभव,विचारों को साझा करने एवं प्रतिक्रियाएँ व्यक्त करने का अवसर मिला। इस कार्यक्रम में श्रीमती आनंदिता दे द्वारा सफल मंच संचालन किया गया।इस सत्र में विद्यालय के कुल 60 शिक्षक– शिक्षिकाएँ उपस्थित रहें । अंत में शिक्षक प्रभारी अनूप कुमार पटनायक द्वारा दोनों विशेषज्ञों ,उपस्थित सभी शिक्षकों , प्राचार्या के नियमित मार्गदर्शन, विद्यालय प्रबंधक को ऐसे प्रशिक्षण सत्र के आयोजन हेतु धन्यवाद ज्ञापन किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ शिक्षक इंद्र कुमार राय, अमिताभ प्रसाद एवं एस एन मुखर्जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पत्नी ने शराबी पति को भेजवाया जेल

लोकतंत्र की आवाज

**सुनील कुमार मिश्र, औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव के विनोद चौहान की पत्नी मंजू देवी ने शराब के नशे में पति विनोद चौहान को गिरफ्तार करवा कर जेल भेजवा दिया। मंजू देवी ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज किया।उल्लेख किया है कि 2014 में हिंदू रीति रिवाज के साथ विनोद चौहान के साथ शादी हुयी थी।शादी के कुछ दिन बाद से यह शराब पीने लगे। शराब पीने से मना करने पर मारपीट करने लगते हैं। कई बार रिश्तेदार एवं परिवारों द्वारा समझाने बुझाने का काम किया गया। शनिवार को मेरे भाई मदनपुर थाना क्षेत्र के मिठइया गांव निवासी लवकुश कुमार समझाने बुझाने आए थे ।इसी बीच मेरे पति मेरे भाई को एवं मुझे मारने लगे। थाना अध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

## आज शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में 3 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

लोकतंत्र की आवाज

**सुनील कुमार मिश्र, औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को 3 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।शहरी कनिय विद्युत अभियंता मारुति नंदन प्रियदर्शी ने बताया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए बिजली विभाग के द्वारा मेंटेनेंस का कार्य किया जा रहा है। इसी को लेकर प्रखंड के ढोसिला ,बलार, भदुकीकला, केराप, गोरडीहा, चरकावां, चौबड़ा, लोहरा पंचायत वाले गांवों एवं शहर के सभी वार्डों में सुबह 8:00 बजे से 11:00 तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## डाल्टनगंज प्रखंड में गणेश रवि ने जनसंपर्क अभियान चलाया

लोक तंत्र की आवाज
**बिनोद सिंह पलामू**

**पलामू।** पलामू लोकसभा सुरक्षित क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी गणेश रवि ने डाल्टनगंज प्रखंड के विभिन्न गांव में जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया. चियांकी,गनके,भूसही, सुआ कोडिया में लोगों से मिलकर उन्होंने चुनाव में मदद करने की अपील की. इस अवसर पर बोलते हुए गणेश रवि ने कहा कि केंद्र की सरकार हो या राज्य की सरकार सभी सरकारी संपत्तियों को निजी हाथों में बेच रही है. रवि ने कहा निजीकरण भूमंडलीकरण और उदारीकरण के कानून का प्रभाव दिखने लगा है.

इस कानून से सरकारी और गैर सरकारी संपत्तियों निजी हाथों में जाने लगी है.रवि ने कहा कि डाल्टनगंज के गांनके में जो डेयरी फार्म है. अगर उसे गांव के लोगों को एक समूह कोऑपरेटिव सोसाइटी बनाकर चलाने के लिए दिया जाता तो उससे हजारों लोग को रोजगार मिल जाती. मगर निजी हाथों में सौंपने के कारण तेज रफ्तार में विकास नहीं हो पा रहा है. और जो योजनाएं हैं वह धीरे–धीरे चलते हुए निजी हाथों में पहुंच जा रही है. उन्होंने कहा कि अगर मुझे अवसर मिला तो डेयरी फार्म पलामू लोकसभा क्षेत्र में हजारों की संख्या में खड़ी की जाएगी. उन्होंने कहा कि आज भी बाहर से दूध पलामू में आ रही है. पलामू गढ़वा में आज भी दूध दही पनीर खोवा मलाई की कमी है. और यह सब बाहर से आपूर्ति की जा रही है. जबकि पलामू का घी दूध निर्यात होता था. रवि ने कहा कि जिस उद्देश्यों से डेयरी फार्म का निर्माण किया गया है. उस उद्देश्यों से भटक गई है. उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह और कोऑपरेटिव सोसाइटी के माध्यम से हजारों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराई जा सकती है.।

# लोक अदालत में 146 मामले का निस्तारण

लोक तंत्र की आवाज

**बिनोद सिंह पलामू**

**पलामू ।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 27 अप्रैल शनिवार को 7:30 बजे सुबह से व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत व स्पेशल लोक अदालत एन आई एक्ट व बिधुत विभाग से सम्बंधित मामले के निस्तारण के लिए लोक अदालत का आयोजन किया गया है।इसमे 146 मामले का निस्तारण किया गया।व नव लाख 49 हजार 975 रुपए का मामला सेटल हुआ।इस सम्बंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने कहा कि लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 11 पीठों का गठन किया गया था।

वही एक हेल्प डेस्क बनाया गया था। प्रथम पीठ में पारिवारिक विवाद का निपटारा कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्र व अधिवक्ता वीणा मिश्रा कर रहे थे। पीठ दो में इलेक्ट्रिसिटी एक्ट से संबंधित मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय विनोद कुमार सिंह व अधिवक्ता अमिताभ चन्द सिंह कर रहे थे इस पीठ में बिधुत विभाग के 36 मामले का निस्तारण किया गया।पीठ संख्या तीन में जिला व सत्र न्यायाधीश के कोर्ट व सभी जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के कोर्ट से संबंधित मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम अभिमन्यु कुमार व अधिवक्ता शैलेंद्र नाथ चतुर्वेदी कर रहे थे। ।इसमे एम ए सी टी के एक मामले का निस्तारण किया गया।पीठ संख्या चार में अपराधिक मामले का निस्तारण आनंद सिंह मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व अधिवक्ता सतीश कुमार दुबे कर रहे थे ।इस पीठ में आपराधिक 18 मामले का निस्तारण किया गया।

पीठ संख्या पाँच में सिविल जज सीनियर डिवीजन के सभी कोर्ट के मामले का निस्तारण ए सी जे एम संदीप निशित बारा व अधिवक्ता कुमार शिवाजी सिंह कर रहे थे।। पीठ संख्या छह में सिविल जज जूनियर डिवीजन सभी कोर्ट के मामले का निस्तारण सिविल जज जूनियर डिवीजन चन्दन कुमार गोस्वामी व अधिवक्ता वीर विक्रम वक्स राय कर रहे थे।पीठ संख्या सात में एन आई एक्ट से संबंधित मामले का निस्तारण रोजलिना बारा व अधिवक्ता संतोष कुमार पाण्डेय कर रहे थे ।इस पीठ में एन आई एक्ट के एक मामले का निस्तारण किया गया।। पीठ संख्या आठ में जे जे बोर्ड से संबंधित मामले का निस्तारण जे एम रितु कुजूर व अधिवक्ता अशोक कुमार मिश्रा कर रहे थे ।इस पीठ में जे जे बोर्ड के एक मामले का निस्तारण किया गया ।पीठ संख्या नव में रेलवे कोर्ट से सम्बंधित मामले का निस्तारण रेलवे जेएम मनोज कुमार व अधिवक्ता संजय कुमार सिन्हा कर रहे थे ।

इस पीठ में रेलवे के दो मामले का निस्तारण किया गया।पीठ संख्या 10 में प्री लिटीटिगेशन से सम्बंधित मामले का निस्तारण स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता व सदस्य अशोक प्रसाद कर रहे थे।इस पीठ में दो मामले का निस्तारण किया गया।व पीठ संख्या 11 में एग्जेक्युटिव रेवेन्यू व श्रम विभाग से संबंधित मामले का निस्तारण सदर एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी व अधिवक्ता उत्तम कुमार कर रहे थे।इस पीठ में 107 सी आर पी सी के 85 मामले का निस्तारण किया गया।वही एक हेल्पडेस्क लोगों को मदद के लिए बनाया गया था। जिसमे अधिवक्ता पुष्कर राज व पीएलभी मुनेश्वर राम वादकारियों को मदद कर रहे थे।वन विभाग को 17 हजार 400 व उत्पाद बिभाग को 58 हजार 375 रुपए राजस्व प्राप्त हुआ।विधुत विभाग को दो लाख 60 हजार रुपये व रेलवे को एक हजार रुपए राजस्व प्राप्त हुआ।

## विदेशी महिला से 2 लाख की लूट, गया एयरपोर्ट जाने के लिए निकली थी जापानी महिला

लोकतंत्र की आवाज



**राकेश कुमार मिश्रा (गया)**

**गया( बिहार)।** बोधगया में एक विदेशी महिला से कुछ बदमाशों ने 2 लाख रुपए लूट की घटना को अंजाम दिया है। दरअसल, बोधगया के वर्मा मंदिर के बाहर घात लगाए बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया और फरार हो गए। बदमाशों की संख्या 3 बताई जा रही है।

जिसमें एक लुटेरे को पुलिस ने खदेड़कर पकड़ लिया है। जबकि 2 आरोपी फरार हो गए है। अभी तक लूटे गए 2 लाख कैश की बरामदगी नहीं हो पाई है। जानकारी के मुताबिक जापानी महिला गया एयरपोर्ट जाने के लिए निकली थी। इसी दौरान घात लगाए लुटेरों ने पैसे से भरा बैग छीन लिया और फिर फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस घटना की सूचना जब पुलिस को मिली तो, एक आरोपी को पुलिस ने दौड़ाकर धर दबोचा। लेकिन दो लुटेरे भागने में कामयाब हो गए।

घात लगाए बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया। जिस जापानी महिला के साथ लूट को अंजाम दिया गया। उसने बोधगया के एक युवक से शादी की है। और गया एयरपोर्ट के लिए जा रही थी। इसी दौरान वर्मा मंदिर के पास महिला के साथ लूट हो गई। फिलहाल इस मामले की जांच में स्थानीय पुलिस जुट गई है। और आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। सरेआम लूट की घटना से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।

## जेल में बंद सजायाप्ता बन्दी से मिले डालसा सचिव

लोक तंत्र की आवाज

**बिनोद सिंह पलामू**

**पलामू।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव शनिवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में सजायाप्ता बन्दी से मिले और उन्होंने कहा कि जो सजायाप्ता बन्दी अभी तक किसी कारण से अपील नहीं कर पाए हैं उनको अपील करने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि कोई भी सजा पाए बन्दी बिना अपील किए नहीं रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से वैसे बन्दियों को मुक्त में अपील करने की व्यवस्था की गई है । उन्होंने कहा कि पूर्व में भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से कई बन्दियों का अपील माननीय झारखंड उच्च न्यायालय में दाखिल कराया गया है। वही जो बन्दी अपील के लिए रह गए हैं उनका भी अपील माननीय उच्च न्यायालय में सरकारी खर्च पर दाखिल कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से समाज के कमजोर व बंचित लोगों को। मुफ्त विधिक सहायता उपलब्ध कराया जा रहा है ।इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह ने कहा कोई भी सजा प्राप्त बंदी अपील हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार में बंदी आवेदन भेज सकता है। जिसको मुफ्त में माननीय उच्च न्यायालय में सर्वोच्च न्यायालय में व जिला और सत्र न्यायालय में अपील का प्रावधान है।

उन्होंने कहा कि मजिस्ट्रेट कोर्ट से सजा प्राप्त बन्दी का अपील जिला जज के अदालत में अपील दाखिल कर सकते हैं ।जबकि जिला जज के यहां से सजा प्राप्त बंदी माननीय उच्च न्यायालय में अपील कर सकते हैं ।इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से जमानत ,अपील, रिवीजन आदि का कार्य किया जा रहा है। कोई भी बंदी जेल में बंदी आवेदन भेज कर मुफ्त में विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है ।

उन्होंने कहा कि जो बंदी किसी कारणवश अब तक अपील नहीं कर सके हैं या जिनका अपील लंबित है वह जानकारी प्राप्त कर सकते हैं ।उन्होंने कहा कि लीगल एड डिफेंस काउंसिल से जुड़े अधिवक्ता सप्ताह के सभी दिन केंद्रीय कारा में बन्दियों से मिलने आते हैं। तथा उनके समस्याओं से रूबरू होते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का समस्या हो तो पीएलभी से लिखवा कर जेल प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार में भेजने का कार्य करें। ताकि आपको सहयोग प्रदान किया जा सके ।इस मौके पर कारा अधीक्षक, जेलर के अलावे दर्जनों बंदी उपस्थित थे।

## अधिकारियों ने मतदान केंद्र और अंतराज्यीय चेक नाका का भ्रमण कर लिया जायजा

लोकतंत्र की आवाज



**बरहड़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी, राजमहल कपिल कुमार,भूमि सुधार उप समाहर्ता विमल सोरेन एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी राजमहल विशाल पांडेय ने प्रखण्ड अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्र और अंतराज्यीय चेक नाका का भ्रमण कर लिया जायजा।

सभी पदाधिकारी ने मोहनपुर के मतदान केंद्र संख्या 290 प्रा वि किस्टोपुर, 288,289 उ म वि मोहनपुर ,राधानगर के मतदान केंद्र संख्या 324 से 329, सरफराजगंज के मतदान केंद्र संख्या 275 से 280 का भ्रमण कर आवश्यक मूल–भूत सुविधा, मतदाता के सुविधा हेतु रैंप , कतार हेतू वॉलंटियर की जानकारी विद्यालय के शिक्षक और बीएलओ से प्राप्त की। इस दौरान नोडल निर्वाचन बीपीओ गगन बापू, दीपक मंडल , जितेन मंडल ,बीएलओ सहित अन्य उपस्थित थे। वहीं साहिबगंज जिले के उधवा प्रखंड के राधानगर हाईस्कूल चौक के समीप चेकपोस्ट पर शनिवार की दोपहर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक कार से 4 लाख 33 हजार 500 रुपए बरामद किए हैं. बरामद पैसे के बारे में जांच–पड़ताल की जा रही है. पुलिस जांच में सीमेंट व्यवायी ने कहा कि रकम कारोबार से जुड़ी है. चेकपोस्ट पर तैनात मजिस्ट्रेट बीएफटी अब्दुल रजाक ने घटना की सूचना सीनियर अधिकारियों को दे दी है. मौके पर राधानगर थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी सहित एसएसबी के जवान मौजूद थे.

## कार्रवाई: तिरुलडीह में 20 लाख सीएफटी अवैध बालू जब्त, तीन ट्रैक्टर भी जब्त

लोकतंत्र की आवाज



**सुनील कुमार गुप्ता, चांडिल अनुमंडल सराइकेला खरसावां (झारखंड)।** आज दिनांक 27 अप्रैल 2024 दिन शनिवार , बालू के अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ सरायकेला–खरसावां जिला खनन विभाग एक बार फिर एक्शन मोड में आ गया है ' शुक्रवार की रात को जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी के नेतृत्व में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के तिरुलडीह में सघन छापामारी अभियान चलाया गया ' छापामारी अभियान में विभाग को बड़ी सफलता भी हाथ लगी है ' रातभर छापामारी अभियान चलाने के बाद शनिवार की भोर को कार्रवाई शुरू की गई ' इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी ने छापामारी अभियान के दौरान तिरुलडीह में अवैध रूप से भंडारण किए गए 20 लाख सीएफटी बालू जब्त किया है ' इसके साथ ही गैरकानूनी रूप से बालू ले जा रहे तीन ट्रैक्टर भी जब्त किया है ' तीनों ट्रैक्टर तिरुलडीह में रेलवे लाइन के किनारे सुवर्णरेखा नदी से बालू उठा रहे थे ' वहीं बालू का अवैध भंडारण भी सुवर्णरेखा नदी के निकट ही किया गया था।

खनन पदाधिकारी जिला से ही ले गए थे सुरक्षा बल: छापामारी अभियान के दौरान जिला खनन पदाधिकारी ने सुरक्षा को लेकर जिला मुख्यालय से भी पुलिस बल साथ लेकर चले थे ' छापामारी अभियान के दौरान तिरुलडीह थाना की पुलिस भी मौजूद थी ' छापामारी के बाद तिरुलडीह थाना में तीन ट्रैक्टर के मालिक व चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है ' वहीं बालू का अवैध भंडारण करने के खिलाफ अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया गया है ' इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी ने बताया कि इस मामले में विभाग गंभीरता पूर्वक कार्रवाई करेगी ' बालू का अवैध भंडारण करने वालों का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी ' वहीं अवैध रूप से भंडारण किए गए जमीन के मालिक की जांच अंचल अधिकारी से कराई जाएगी और उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी '

जब्त बालू की होगी नीलामी: जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि तिरुलडीह में बालू का अवैध भंडारण को जब्त कर स्थानीय थाना और अंचल को सौंप दिया गया है ' सब को पता है कि अभी आचार संहिता लागू है , आचार संहिता समाप्त होने के बाद जब्त बालू की नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी ' उन्होंने बताया कि इसके पूर्व ईचगढ़ में जब्त किए गए दो लाख 32 हजार सीएफटी बालू का भी नीलामी किया जाएगा ' उसे भी सुरक्षा के लिए ईचागढ़ थाना और अंचल को सौंपा गया है ' ईचागढ़ के मामले में भी अवैध भंडारण किए गए जमीन के मालिक का पता लगाया जा रहा है ' उन्होंने बताया कि उसके पूर्व ईचागढ़ में जब्त किया गए दस लाख से अधिक बालू का भी नीलामी किया जाएगा ' विभाग सभी मामलों में वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर नियमानुसार कार्रवाई करेगी ' खनन विभाग के ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गया है '


लोकतंत्र की आवाज

स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।